उज्जैन
शुक्रवार
13
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-128
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



रियलिटी शो द 50 से बाहर हुई दिव्या अग्रवाल बोलीं- गेम समझ से बाहर था, पति संग डिवोर्स की अफवाहों पर भी तोड़ी चुप्पी

पेज- 8

## युद्ध के बीच ईरानी युवती ने गाया शिव भजन, सोशल मीडिया पर मची धूम


ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

वैसे तो वैज्ञानिक समय-समय पर सनातन धर्म की प्राचीनता को प्रमाणित करते आए हैं। इन दिनों ईरानी युवती ने अमेरिका-इजराइल, ईरान युद्ध के तनाव के बीच शिव भजन को गाकर सबको अचंभित कर दिया है।

हर हर महादेव शंकर भजन में फारसी भाषा में गाया भजन है। जिसमें भगवान शंकर से ईरानी मुस्लिम आराधना करते दिखाई दे रहे हैं और भजन में भगवान शंकर से मदद मांगी जा रही है जिस तरह भगवान ने जहर पीकर सबको अमृत बांट दिया था उसी तरह कृपा करने को कहा गया है। भजन में पुराने चित्रों में शिवलिंग की आराधना करते ईरानी मुस्लिम दिखाए गए हैं और ईरान का पुराना सिक्का भी है जिसमें भगवान शंकर की आकृति बनी हुई है। ईरान अफगान बॉर्डर पर बने कई हिन्दू मंदिर दिखाए गए है जो किसी समय नष्ट कर दिए गए थे।







## आईपीएल शुरू होने से पहले पृथ्वी शाह महाकाल मंदिर पहुंचे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आईपीएल शुरू होने से पहले भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शाह शुक्रवार तड़के महाकाल मंदिर पहुंचे। उन्होंने अल सुबह होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। शॉ सुबह करीब चार बजे मंदिर पहुंचे और नंदी हाल में बैठकर भस्म आरती में शामिल हुए। शॉ भस्म आरती में शामिल होने के लिए शुक्रवार देर रात उज्जैन पहुंचे थे। इसके बाद तड़के करीब चार बजे महाकाल मंदिर पहुंचे। वे नंदी हाल में आम श्रद्धालुओं के बीच बैठकर भस्म आरती में शामिल हुए।

मंदिर पहुंचने के दौरान शॉ ने अपनी पहचान छिपाने के लिए चेहरे पर मास्क लगाया हुआ था। करीब दो घंटे तक भस्म आरती में शामिल रहने के बाद उन्होंने नंदी जी का पूजन-अर्चन किया।

### ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा कोमा में, इजराइल-अमेरिकी हमले में घायल हुए थे



**तेल अवीव/तेहरान।** मीडिल-ईस्ट में जारी तनाव के बीच ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई के कोमा में होने का दावा किया जा रहा है। मुजतबा 28 फरवरी को इजराइल-अमेरिका की एयर स्ट्राइक में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ब्रिटिश मीडिया द सन की रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में मुजतबा को इतनी गंभीर चोटें आई थीं कि उनका एक पैर काटना पड़ा और पेट-लिवर को भी नुकसान पहुंचा है। इसलिए वह कोमा में हैं। मुजतबा ने अपने पिता और ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत के बाद 9 मार्च को सुप्रीम लीडर का पद संभाला था। उनकी हालत को लेकर अभी तक ईरान की सरकार की ओर से आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### इंडिगो के एक विमान के लिए एवरेज 8 पायलट, घरेलू एयरलाइंस में सबसे कम

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने गुरुवार को संसद में बताया कि इंडिगो में पायलट-टू-एयरक्राफ्ट रेश्यो 7.6 है यानी एक विमान के लिए एवरेज 8 पायलट हैं। ये देश की अन्य घरेलू एयरलाइंस के मुकाबले सबसे कम है। यह जानकारी नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में लिखित जवाब में दी। दरअसल एक विमान दिन-भर में कई उड़ानें करता है और पायलटों को आराम भी देना होता है, इसलिए एक विमान के लिए कई पायलट होते हैं। आंकड़ों के मुताबिक सबसे ज्यादा अनुपात स्पाइसजेट में है। यहां हर एयरक्राफ्ट के लिए 9.4 पायलट का रेश्यो है। इसके बाद अकासा एयर में यह अनुपात 9.33 पायलट प्रति एयरक्राफ्ट है। वहीं एयर इंडिया में प्रति एयरक्राफ्ट 9.1 पायलट हैं, जबकि उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस में यह अनुपात 8.8 है।

### प्रधानमंत्री मोदी 13 और 14 मार्च को असम दौरे पर रहेंगे



**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 और 14 मार्च को असम के दौरे पर रहेंगे। पीएम कोकराझार, गुवाहाटी और सिलचर में 47,800 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएम यहां से नॉर्थ ईस्ट के लिए 3 नई ट्रेनों की शुरूआत भी करेंगे। जारी शेड्यूल के मुताबिक पीएम 13 मार्च को दोपहर करीब 1:30 बजे कोकराझार में 4,570 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स शुरू करेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे गुवाहाटी में करीब 19,680 करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित करेंगे।

### ठेकेदार ने ऑटोमैटिक गन से डीजीएम और मैनेजर को मारी गोलियां

**बदायूं।** यूपी के बदायूं में ठेकेदार ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम के डीजीएम यानी उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता (55 साल) और असिस्टेंट मैनेजर सेल्स हर्षित मिश्रा (35 साल) की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी अजय प्रताप सिंह उर्फ रामू प्लांट में पराली वेंडर था। तीन महीने पहले उसकी फर्म को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया था। इससे वह खुन्नस मान रहा था। उसने जान से मारने की धमकी दी थी। खौफ में डीजीएम ने वीआरएस ले लिया था, पुलिस ने कार्रवाई नहीं की हर्षित मिश्रा ने 4 फरवरी को अजय के खिलाफ मूसाझाग थाने में केस दर्ज कराया था। सिक्योरिटी मांगी थी। सुधीर गुप्ता अजय की धमकियों से इस कदर खौफ में थे कि उन्होंने वीआरएस ले लिया था। 31 मार्च को उन्हें चार्ज छोड़ना था।

### गैस संकट- चूड़ी से लेकर पेठा फैक्ट्रियां तक बंद, मेरठ में 8000 कारखानों पर संकट

## बुलंदशहर में 30 हजार लोग बेरोजगार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुलंदशहर

अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध का असर यूपी के पॉटरी, चूड़ी से लेकर पेठा फैक्ट्रियों तक पड़ रहा। इन फैक्ट्रियों को गैस नहीं मिल रही। सबसे ज्यादा असर बुलंदशहर में एशिया के सबसे बड़े पॉटरी उद्योग पर पड़ा है। यहां 300-325 यूनिट में से 95 फीसदी पॉटरी यूनिट बंद हैं। 30 हजार से ज्यादा वर्कर्स बेरोजगार हो गए हैं।

यही हाल फिरोजाबाद में बनने वाली चूड़ियों और आगरा की पेठा फैक्ट्रियों का है। गैस की सप्लाई नहीं मिलने से भट्ठियां शांत हो गई हैं। 55 बड़ी फैक्ट्रियों में से 40 बंद हो चुकी हैं। अगर गैस की सप्लाई शुरू नहीं हुई तो आगरा में बनने वाली चांदी की पायल पर भी संकट आ सकता है। जापान और इंग्लैंड के बाद बुलंदशहर के खुर्जा में एशिया का सबसे बड़ा पॉटरी (मिट्टी से बर्तन बनाने) उद्योग है। यहां पॉटरी यूनिट्स की संख्या 300 से ज्यादा है। इन कंपनियों में 30 हजार से ज्यादा वर्कर काम करते हैं। खुर्जा पॉटरी उद्योग से हर महीने करीब 100 करोड़ रुपए का कारोबार देश-विदेश में होता है।

### पीएम बोले- एलपीजी को लेकर कुछ लोग डर फैला रहे

## कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एलपीजी को लेकर कुछ लोग जानबूझकर डर फैला रहे हैं और इससे फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग अपना एजेंडा चलाना चाहते हैं, लेकिन संकट के समय इस तरह का माहौल देश के लिए नुकसानदायक होता है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि एलपीजी की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। प्रधानमंत्री दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एनएक्सटी समिट में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात चुनौतीपूर्ण हैं और युद्ध की वजह से दुनिया भर में ऊर्जा संकट की स्थिति बनी है।

### सिंहस्थ 2028 से पहले उज्जैन में

## नकली साधुओं पर बड़ा एक्शन, आधार और अखाड़ा आईडी होगा अनिवार्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ कुंभ 2028 को लेकर तैयारियों का दौर तेज हो गया है और इसी के साथ साधु-संतों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की घोषणा की गई है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने सिंहस्थ से पहले नकली साधुओं पर शिकंजा कसने के लिए कालनेमी अभियान चलाने का फैसला किया है। इस अभियान के तहत भगवा वस्त्र पहनकर साधु बनने वाले बहुरूपियों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिषद का कहना है कि आने वाले सिंहस्थ में शामिल होने वाले साधु-संतों के लिए आधार कार्ड और संबंधित अखाड़े का पहचान पत्र रखना अनिवार्य किया जाएगा, ताकि असली और नकली साधुओं के बीच स्पष्ट अंतर किया जा सके।

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देशभर में नकली साधुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है, जिससे न केवल धार्मिक परंपराओं की गरिमा प्रभावित हो रही है बल्कि सुरक्षा संबंधी खतरे भी पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई लोग भगवा वस्त्र



पहनकर साधु होने का दावा करते हैं, जबकि उनका किसी अखाड़े या धार्मिक परंपरा से कोई संबंध नहीं होता। ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें रोकने के लिए कालनेमी अभियान चलाया जाएगा। परिषद के अनुसार सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में लाखों श्रद्धालु आते हैं और इस दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखना बेहद जरूरी होता है।

रविंद्र पुरी ने कहा कि उत्तराखंड में हाल ही में इसी तरह का अभियान चलाकर कई नकली साधुओं की पहचान की गई और उनके खिलाफ कार्रवाई की गई थी। उसी मॉडल को ध्यान में रखते हुए अब उज्जैन में भी इस अभियान को लागू करने की तैयारी की जा रही है। उनका कहना है कि जो लोग साधु-संतों की वेशभूषा में घूमते हैं लेकिन वास्तव में उनका जीवन संन्यास की परंपरा के अनुरूप नहीं है, उनके खिलाफ सख्ती बरती जाएगी।

## अमेरिका की सभी देशों को रूसी तेल खरीदने की इजाजत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 100 डॉलर के पार चली गई हैं। इसे काबू में करने के लिए ट्रम्प प्रशासन ने दूसरे देशों को भी समुद्र में फंसे रूसी तेल को खरीदने की अस्थाई मंजूरी दे दी है।

इससे पहले अमेरिका ने भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए प्रतिबंधों में ढील देने की बात कही थी। हालांकि, इस पर भारतीय अधिकारी कह चुके हैं कि भारत तेल खरीदने के लिए किसी भी देश की इजाजत पर निर्भर नहीं है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग (वित्त मंत्रालय) ने गुरुवार को एक लाइसेंस जारी किया है। इसके तहत उन रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की डिलीवरी और बिक्री की जा सकती है, जो 12 मार्च की रात 12:01 बजे से पहले जहाजों पर लोड हो चुके थे। यह छूट सिर्फ 11 अप्रैल तक के लिए दी गई है। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने बताया कि इसका मकसद दुनिया भर में तेल की सप्लाई बढ़ाना है, ताकि बढ़ती कीमतों पर लगाम लग सके।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर




दो वितरित और तीसरा पंचांग कैलेंडर जल्द आपके हाथों में

श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर वितरित
हिन्दू नववर्ष नव संवतसर पर पंचांग-तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर

9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### एसपी ने किया घट्टिया थाना भवन का निरीक्षण



**उज्जैन।** थानों की कार्यशैली और गतिविधियों का औचक निरीक्षण करने वाले एसपी प्रदीप शर्मा गुरूवार को घट्टिया थाना भवन पहुंचे। इस दौरान उन्होने कानून व्यवस्था संबंधी दिशा निर्देश दिये। शहर के साथ ग्रामीण थानों का औचक निरीक्षण करने वाले एसपी शर्मा शाम को घट्टिया थाने पहुंचे। कप्तान का देख स्टॉफ अलर्ट हो गया। एसपी ने थाना भवन का निरीक्षण करते हुए अभिलेख, मालखाना देखा। सीसीटीएनएस कक्ष में पहुंच कार्यशैली देखी। उन्होंने अपराधों के संबंध में थाना प्रभारी करण खोलाव से जानकारी ली और लंबित अपराधों का निराकरण शीघ्र करने के निर्देश देते हुए आमजन से संवेदनशील व्यवहार रखने की बात कहीं। एसपी ने थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था संबंधी विशेष दिशा निर्देश भी जारी किये।

### माधव कॉलेज में डॉ. अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी, छात्र संगठन ने की कार्रवाई की मांग

**उज्जैन।** उज्जैन के माधव साइंस कॉलेज में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी लिखे जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले को लेकर डॉ. अंबेडकर विद्यार्थी संगठन ने गुरुवार को कॉलेज परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। संगठन ने टिप्पणी लिखने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई और कॉलेज में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष राम सोलंकी ने बताया कि प्रदेश के ए++ ग्रेड महाविद्यालय होने के बावजूद किसी असामाजिक तत्व ने कॉलेज परिसर में बाबासाहेब के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द लिख दिए। राम सोलंकी के अनुसार, सुबह घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने प्राचार्य को अवगत कराया, लेकिन तत्काल कार्रवाई करने के बजाय उस लिखावट को मिटा दिया गया। संगठन का दावा है कि उनके पास घटना से जुड़ा फोटो भी मौजूद है। संगठन ने मांग की है कि आपत्तिजनक टिप्पणी लिखने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे कॉलेज से निष्कासित किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो। साथ ही, पूरे महाविद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी मांग उठाई गई है, जिससे आरोपियों की पहचान आसानी से हो सके। इस मुद्दे को लेकर संगठन के कार्यकताओं ने कॉलेज गेट पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी भी की। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए कॉलेज का गेट बंद कर दिया गया, जिससे छात्रों का आवागमन प्रभावित हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन संगठन के सदस्य दोषियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

### विक्रमोत्सव में 13 से 17 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

**उज्जैन।** कालिदास अकादमी के अभिरंग सभागार में आगामी 13 से 17 मार्च तक इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ एंशिएंट स्प्लेंडर (प्राचीन वैभव का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित होगा। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ एवं संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भारत और विश्व के विभिन्न देशों की सांस्कृतिक, पौराणिक और ऐतिहासिक विषयों पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा, पौराणिक कथाओं और विश्व सभ्यताओं से जुड़े विषयों को सिनेमा के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

### उज्जैन में प्रतिष्ठानों पर खाद्य विभाग का छापा

# 35 से अधिक गैस सिलेंडर जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की शिकायतों के बीच उज्जैन कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने शहर के कई रेस्टोरेंट और भोजनालयों पर गुरुवार को छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 35 से अधिक घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

पिछले दो दिनों से शहर में गैस सिलेंडर की जमाखोरी और घरेलू सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद खाद्य आपूर्ति विभाग ने आठ अधिकारियों की दो टीमें बनाकर अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी की।

**दो टीमों ने की कार्रवाई, प्रशासन हुआ सख्त**



#### रेलिस फ्रायड अंडे वाले से 9 सिलेंडर जब्त

- पहली टीम में सहायक खाद्य नियंत्रक संतोष सिमोलिया, फूड इंस्पेक्टर अंकिता जोशी, नागेश दाहिमा और भूषण गुज्जर शामिल थे। टीम ने आरटीओ कार्यालय के पास रंगीला कैफे से एक घरेलू सिलेंडर, फ्रीगंज में रेलिस फ्रायड अंडे वाले से 9, महाकाल भोजनालय से 1, जैन कचोरी फ्रीगंज से 2, नवरतन फ्यूजन से 2, ऋषि नगर के एक रेस्टोरेंट से 1 और फ्रीगंज के फाफड़ा विक्रेता से 8 सिलेंडर जब्त किए।
- दूसरी टीम में सहायक खाद्य नियंत्रक चंद्रशेखर बारोड़, फूड इंस्पेक्टर समद खान और रश्मि खामबेटे शामिल थे। इस टीम ने हरी फाटक क्षेत्र में स्थित अन्नपूर्णा श्याम पवित्र भोजनालय सहित अन्य प्रतिष्ठानों से कुल 7 सिलेंडर जब्त किए।

#### घरेलू सिलेंडर का उपयोग न करने की हिदायत

- खाद्य विभाग की टीम ने संबंधित संचालकों को सख्त हिदायत देते हुए समझाइश दी कि वे व्यावसायिक कार्यों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग न करें। इसके स्थान पर इलेक्ट्रिक इंडक्शन, पीएनजी या डीजल भट्टी का उपयोग करने की सलाह दी गई है। विभाग ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने पर आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। ईरान अमेरिका युद्ध से देश भर में गैस सिलेंडर को लेकर मचे हाहाकार के बीच उज्जैन में काला बाजारी पर लगाम लगाने के लिए उज्जैन कलेक्टर के आदेश पर खाद्य विभाग की टीम ने शहर के कई रेस्टोरेंट पर छापा मार कर 35 से अधिक गैस सिलेंडर जब्त किये है। इनमे कई घरेलु और कमर्शियल सिलेंडर शामिल है।
- दो दिन से शहर में गजल सिलेंडर को लेकर जामखोरी की मिल रही शिकायतों को लेकर खाद्य आपूर्ति विभाग के 8 अधिकारियों की टीम ने दो अलग अलग टीम बनाकर छापा मारकर कार्रवाई को अंजाम दिया। जिसमें संतोष सिमोलिया एसटीटेंट फूड कंट्रोलर,अंकिता जोशी फूड इंस्पेकटर,नागेश दाहिमा और भूषण गुज्जर की टीम ने आरटीओ कार्यालय के रंगीला कैफे से एक घरेलू टंकी,रेलिस फ्रायड अंडे वाले फ्रीगंज से 9,महाकाल भोजनालय से 1,जैन कचोरी फ्रीगंज से 2,नवरतन फ्यूजन से 2,ऋषि नगर रेस्टोरेंट से 1,फ्रीगंज में फाफड़े वाले से 8 सिलेंडर जब्त किये है। इसी तरह दूसरी टीम में शामिल चन्द्र शेखर बारोड़ एसिस्टेंट फूड कंट्रोलर, समद खान फूड इंस्पेकटर,रश्मि खामबेटे की टीम ने हरी फाटक क्षेत्र के रेस्टोरेंट अन्नपूर्णा श्याम पवित्र भोजनालय सहित एक अन्य से कुल 7 सिलेंडर जब्त किये है। टीम ने बताया कि सभी को हिदायत देकर समझाईश दी है कि घरेलु गैस सिलेंडर का उपयोग ना करे। वे इलेक्ट्रिक इंडेक्शन पीएनजी या डीजल भट्टी का भी उपयोग कर सकते है।

### अचानक चरक भवन पहुंचे कलेक्टर

# 4 डॉक्टर गैर हाजिर, वेतन काटे डॉ. मालवीय को सेवा से हटाएं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

चरक भवन जिला अस्पताल में चार डॉक्टर बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। गुरुवार दोपहर अचानक कलेक्टर रौशनकुमार सिंह यहां पहुंचे और कार्रवाई की। कलेक्टर ने संबंधित चार डॉक्टरों का वेतन काटने व नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। लगातार बिना सूचना के अनुपस्थित होने पर डॉ. पंकज मालवीय को सेवा से हटाने का कहा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने डॉक्टरों की उपस्थिति रजिस्टर और ड्यूटी रोस्टर की जांच की। उन्होंने सीएमएचओ और सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि सभी डॉक्टरों की समय पर उपस्थिति हो। साथ ही इमरजेंसी, ओपीडी और अन्य विभागों का ड्यूटी रोस्टर ऑनलाइन करने और पारदर्शी व्यवस्था के साथ ड्यूटी रजिस्टर तैयार करने के लिए कहा।



निरीक्षण के दौरान लापरवाही सामने आने पर लिफ्ट ऑपरेटर एजेंसी पर 50 हजार रुपए का जुमार्ना व पर्याप्त संख्या में गार्ड तैनात नहीं करने और कई गार्ड यूनिफॉर्म में नहीं मिलने पर सिक्योरिटी एजेंसी पर भी 50 हजार रुपए का जुमार्ना करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने अस्पताल संचालन को व्यवस्थित बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने, पीए सिस्टम, डिस्प्ले बोर्ड दुरुस्त करने और ड्यूटी चार्ट पर उपस्थित डॉक्टरों की सही जानकारी दर्ज करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर में चल रहे सीवरेज कार्य की प्रगति की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य जांच के लिए आए बालक हर्ष के अभिभावक संदीप विश्वकर्मा से भी बातचीत कर अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों के परामर्श के बाद डिस्पेंसरी से उन्हें निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई।

## दीक्षांत समारोह का स्थान तय नहीं, अभ्यास स्वर्ण जयंती हॉल में होगा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में अब केवल चार दिन शेष हैं। अब तक समारोह का स्थान तय नहीं हो पाया है। विश्वविद्यालय के जिम्मेदार कृषि अध्ययनशाला की निमार्णाधीन बिल्डिंग के पास ही समारोह कराने पर अड़े हैं।

बिल्डिंग का काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने समारोह के एक दिन पहले स्वर्ण जयंती हॉल में रिहर्सल को लेकर पत्र जारी किया है। विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च को होना है। जिम्मेदार चाहते हैं कि अध्ययनशाला परिसर में 17 करोड़ रुपए की लागत से बन रही कृषि अध्ययनशाला की बिल्डिंग के पास दीक्षांत समारोह हो। दीक्षांत के साथ ही नए भवन का लोकार्पण अतिथियों से कराने की तैयारी है। कृषि अध्ययनशाला की बिल्डिंग का काम ढाई साल से अधिक समय बीतने के बाद भी अधूरा है। वहां समारोह कराने पर नई बिल्डिंग के आसपास टेंट लगाने, एप्रोच रोड बनाने, ग्रीन रूम बनाने जैसे काम होंगे। इन पर लाखों रुपए का खर्च आएगा। विश्वविद्यालय के पास स्वर्ण जयंती हॉल जैसी जगह है। वहां समारोह कराने पर अतिरिक्त खर्च नहीं होगा।

### संभागायुक्त ने किया सड़क चौड़ीकरण का निरीक्षण, सड़क के जोड़ न भरने पर हुए नाराज

# इंजीनियर-ठेकेदार को दी कार्रवाई की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ 2028 को देखते हुए उज्जैन में प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। गुरुवार को संभागायुक्त आशीष सिंह और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क के जोड़ ठीक से नहीं भरे जाने पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की और इंजीनियर एवं ठेकेदार को कार्यशैली में सुधार की चेतावनी दी।

आयुक्त ने साफ कहा कि कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के समय नगर निगम के अधिकारी, संबंधित इंजीनियर, ठेकेदार




और कंसल्टेंट भी उपस्थित थे। संभाग आयुक्त ने टैगोर चौराहे से दो तालाब, गेल इंडिया से नीलगंगा चौराहा और मंछामन से हरी फाटक ब्रिज तक चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने इंजीनियरों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान परियोजनाओं की जानकारी दी गई। टैगोर चौराहे से दो तालाब तक 9.68 करोड़ रुपए की लागत से 18 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण हो रहा है, जिसमें वर्तमान में ड्रेनेज का कार्य चल रहा है।

**40 करोड़ में बन रही 2.76 किलोमीटर की सड़क-** गेल इंडिया से केटीएम शोरूम होते हुए शांति नगर और नीलगंगा चौराहा तक 2.76 किलोमीटर लंबे मार्ग पर लगभग 40 करोड़ रुपए की लागत से 18 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जा रही है। मंछामन से हरी फाटक ब्रिज तक नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत 7.5 करोड़ रुपए की लागत से कार्य जारी है।

**आयुक्त ने नागरिकों से भी की बात-** संभाग आयुक्त ने क्षेत्र के नागरिकों से भी बातचीत की और उन्हें निर्माण कार्य से हो रही असुविधाओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि यह सड़क चौड़ीकरण कार्य आगामी सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, ताकि भविष्य में यातायात और आवागमन सुचारू हो सके। उन्होंने अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के लिए आवश्यक संसाधन बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

उज्जैन
शुक्रवार
13
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




# इंदौर में अवैध गैस गोदाम पर छापा

## 66 सिलेंडर, मोटर और बुलेट जब्त, गोदाम सील, आरोपी फरार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, दुरुपयोग और कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए एक अवैध गैस गोदाम पर कार्रवाई की।

जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू के मार्गदर्शन में गठित दल ने गुरुवार को निरीक्षण करते हुए छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान न्यू लोहा मंडी क्षेत्र में हरिओम गुप्ता के अवैध गैस गोदाम पर छापा मारा गया।

छापे के दौरान 24 व्यावसायिक गैस सिलेंडर और 42 घरेलू गैस सिलेंडर सहित कुल 66 सिलेंडर बरामद किए गए। इसके अलावा गैस रिफिलिंग में



इस्तेमाल होने वाली तीन इलेक्ट्रिक मोटर और दो तौल कांटे भी मौके से जब्त किए गए। इस दौरान यह भी पाया गया कि बड़े पैमाने पर गैस सिलेंडरों को लाने-ले जाने और रिफिलिंग के काम में बुलेट का इस्तेमाल किया जा रहा था। टीम ने इस बुलेट गाड़ी को भी जब्त कर लिया। छापे के समय आरोपी मौके से फरार हो गया।

टीम ने गोदाम में रखे सभी सिलेंडर और उपकरण जब्त करते हुए अवैध भंडारण स्थल को सील कर दिया है। मामले में आवश्यक जांच एवं वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अंकुर गुप्ता, सुचित्रा दुबे और अजय अस्थाना सहित विभागीय दल मौजूद रहा।

## इंदौर में एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी पर सख्ती, जिला प्रशासन ने बनाया कंट्रोल रूम

इंदौर जिले में अब एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत और कालाबाजारी करने वालों पर सख्ती की जाएगी। जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं की सुविधा और अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए कंट्रोल रूम बनाया है। अब आम उपभोक्ता गैस सिलेंडर से जुड़ी किसी भी समस्या, शिकायत या सुझाव के लिए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकेंगे।
कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की सहज उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला स्तर पर यह कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 0731-2993900 जारी किया गया है।
जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि इंदौर जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी से बचाने तथा घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री व कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है।

### जिला स्तर पर गठित कंट्रोल रूम में इन्हें किया तैनात

सहायक आपूर्ति अधिकारी, कल्पना परामानिक (मोबाइल नम्बर-9399142251) कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, सवेसिंह गामड़ (8120041922) सहित कम्प्यूटर ऑपरेटर, अंकित नागर (9200249020) रोहित बर्मन (8085799812) महेश जगताप (6260271176) अब्दुल समद (9926062731) हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज करा सकेंगे शिकायत आम उपभोक्ता अपनी शिकायत या सुझाव कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर 0731-2993900 पर दर्ज करा सकते हैं या फिर कलेक्टोरेट ऑफिस के रूम नंबर 221 में ऑफिस के समय खुद आकर भी जानकारी दे सकते हैं। कंट्रोल रूम प्रभारी और उनकी टीम प्राप्त शिकायतों को दर्ज कर उनके त्वरित निराकरण की कार्रवाई करेगी।

# गुजरात की अंतरराज्यीय गैंग का फरार आरोपी गिरफ्तार

## डिजिटल अरेस्ट से की ऑनलाइन ठगी, दो आरोपी पहले हो चुके हैं गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गुजरात के अंतरराज्यीय गैंग के फरार आरोपी को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। टीम काफी दिनों से उसकी तलाश कर रही थी। क्राइम ब्रांच इंदौर के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि इंदौर के रहने वाले 71 वर्षीय रिटायर्ड व्यक्ति ने एनसीआरपी पोर्टल पर डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

3 सितंबर 2024 को सुबह करीब



10 बजे उनके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि आपने मुंबई में कैनरा बैंक से 2 करोड़ 60 लाख रुपए का री-ट्रांजेक्शन किया है। उसने यह भी कहा कि वह बांदा पुलिस स्टेशन से बोल रहा है, हालांकि उसने अपना नाम नहीं बताया। आरोपी ने कहा कि इस 2 करोड़ 60 लाख रुपए के री-ट्रांजेक्शन के बदले में आपको 15 प्रतिशत कमीशन आपके खाते में ट्रांसफर किया गया है। इसके बाद आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की फर्जी कॉपी और अन्य कई दस्तावेज भेजे। उन्होंने कहा कि इन दस्तावेजों के आधार पर आपको गिरफ्तार किया जा सकता है और पुलिस व सीबीआई आपको अरेस्ट करने आने वाली है। फरियादी ने उन्हें बताया कि उनका मुंबई में ऐसा कोई बैंक अकाउंट या ट्रांजेक्शन नहीं है। इसके बावजूद आरोपियों ने कहा कि कैनरा बैंक के एक ब्रांच मैनेजर को गिरफ्तार करने के बाद उसके घर से कई फर्जी पासबुक मिली हैं, जिनमें से एक पासबुक आपके नाम की भी पाई गई है।

## पंपकर्मी की मौत का आरोपी हीरानगर का निकला

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के कजलाना में पेट्रोल पंप कर्मचारी की जान लेने वाले आरोपी की पहचान हो गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी हीरानगर इलाके का रहने वाला है। कई किलोमीटर के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस टीम उसकी तलाश में हीरानगर तक पहुंची। पुलिस ने आरोपी के पिता को गुरुवार हिरासत में लिया है, जबकि आरोपी कार लेकर फरार है।

सांवेर पुलिस के मुताबिक घटना 11 मार्च 2026 की शाम करीब 4 बजे ग्राम कजलाना स्थित शिवलाल पटेल एंड सन्स पेट्रोल पंप, चारपाई ढाबा के पास की है। यहां एक ग्रे रंग की कार का चालक डीजल भरवाने के बाद बिना पैसे दिए वहां से भाग गया था। पेट्रोल पंप पर काम करने वाले रोहित (22) पुत्र शंकरलाल परमार निवासी मालीखेड़ी ने कार को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान उसका हाथ कार के कांच में फंस गया। आरोप है कि चालक ने कार तेज गति से आगे बढ़ा दी, जिससे रोहित कुछ दूरी तक कार के साथ घसीटता चला गया। बाद में उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है।

## इंदौर में नल में लगाना पड़ेगी टोटी, नहीं तो की जाएगी चालानी कार्रवाई

# डायरेक्ट मोटर लगाने वालों की मोटर होगी जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर में गर्मी की दस्तक के साथ ही नगर निगम जल संकट से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर आ गया है। गुरुवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने जलप्रदाय की समीक्षा बैठक ली। बैठक में साफ निर्देश दिए गए कि जो लोग नलों से सीधे मोटर लगाकर पानी खींच रहे हैं, उनके विरुद्ध सघन अभियान चलाकर मोटरें जब्त की जाएं। साथ ही, ऐसे क्षेत्र जहां पर नलों में टोटियां नहीं लगी हैं, उन पर चालानी कार्रवाई करें।

उन्होंने पेयजल टंकियों की स्थिति, ट्यूबवेल संचालन, जल वितरण व्यवस्था, पानी के टैंकरों की उपलब्धता



तथा क्षेत्रों में अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोजाना सुबह के समय जलप्रदाय के दौरान नल कनेक्शन से डायरेक्ट मोटर लगाकर पानी खींचने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाते हुए मोटर जब्ती की कार्रवाई करें, इसके साथ ही ऐसे क्षेत्र जहां पर नल में टोटी नहीं होने से पानी का अपवाह होता है इसको दृष्टिगत रखते हुए ऐसे लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करें।

### शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करें

महापौर भार्गव ने कहा कि गर्मी में पानी की मांग बढ़ जाती है, ऐसे में नगर निगम का दायित्व है कि लोगों को समय पर और पर्याप्त पीने का पानी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे क्षेत्र जहां जलप्रदाय में लीकेज, पाइपलाइन की खराबी, डायरेक्ट अथवा इनडायरेक्ट जलप्रदाय से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में निराकरण किया जाए, ताकि गर्मी के मौसम में नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### जलप्रदाय व्यवस्था में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

निगम कमिश्नर सिंघल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलप्रदाय से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा जल वितरण प्रणाली को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक मरम्मत कार्य समय रहते पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि जलप्रदाय व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक क्षेत्र में जल उपलब्धता की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा, अपर आयुक्त आशीष पाठक, जलप्रदाय कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र की सम्राट कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने गुरुवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने रोजा रखा था और सेहरी करने के बाद कमरे में जाकर फांसी लगा ली। सुसाइड से पहले उसने मोबाइल के स्टेटस पर परिवार से माफी मांगते हुए संदेश भी लिखा था। पुलिस को आशंका है कि कर्ज के दबाव के चलते युवक ने यह कदम उठाया होगा। खजराना पुलिस के अनुसार फरमान (21) पुत्र नौशाद पठान निवासी सम्राट कॉलोनी ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। गुरुवार सुबह वह सेहरी करने के लिए उठा था। इसके बाद वापस कमरे में जाकर सोने चला गया। कुछ समय बाद उसकी मां उसे देखने कमरे में पहुंची तो वह फंदे पर लटका मिला। पुलिस के अनुसार फरमान ने आत्महत्या से पहले अपने मोबाइल के स्टेटस पर एक संदेश भी पोस्ट किया था। इसमें उसने लिखा कि वह यह कदम अपनी मर्जी से उठा रहा है और किसी को दोष न दिया जाए। उसने परिवार से माफी मांगते हुए लिखा कि उसके जाने के बाद सभी आपस में मिलजुल कर रहें और भाई से माता-पिता का ध्यान रखने की बात कही।

### बच्चे ने प्रेमानंद महाराज के लिए घर छोड़ा, लेटर में लिखा- असली परिवार के पास जा रहा

**इंदौर।** इंदौर की कृष्ण विहार कॉलोनी में रहने वाला 15 साल का बच्चा बुधवार को घर से अचानक लापता हो गया। परिवार को उसके हाथ का लिखा एक लेटर मिला है। लेटर उसने लिखा है कि वह वृंदावन के संत प्रेमानंद जी महाराज के वचनों से प्रभावित होकर अपने असली परिवार के पास जा रहा है। पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है और बच्चे की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मनोज सेंधव के अनुसार, बच्चे के पिता ड्राइवरी का काम करते हैं। बुधवार को बच्चा क्रिकेट खेलने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक नहीं लौटा। परिवार जब घर पहुंचा तो उन्हें एक पत्र मिला। यह पत्र उनके बेटे ने ही लिखा था, जिसमें उसने अपने घर छोड़ने की बात बताई है। लेटर में उसने लिखा- मां, पापा, भैया और दादा आज मैं अपने असली परिवार के पास जा रहा हूं। आप लोग कृपया रोइए मत और मुझे ढूंढने की कोशिश भी मत कीजिए। अब मैं अपने मां-पिता के साथ ही रहूंगा।

### इंदौर की होटल में घुसकर बदमाशों ने की मारपीट

**इंदौर।** इंदौर के हीरा नगर थाना क्षेत्र की होटल में घुसकर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने होटल कर्मचारी को चाकू दिखाकर हर महीने 5 हजार रुपए देने की मांग की और मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मंगलवार को तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अखिलेश सतवई (27) निवासी 136, स्कीम नंबर कबीटखेड़ी, होटल रॉयल स्टेट में काम करते हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि 10 मार्च की रात करीब 9 बजे अंकित पिता हिंदू सिंह अपने दो साथियों के साथ होटल में कमरा लेने पहुंचा। आरोपियों ने कमरे का किराया पूछा तो अखिलेश ने 1 हजार रुपए बताया। इस पर आरोपियों ने 700 रुपए में दो कमरे देने का दबाव बनाया, लेकिन मना करने पर विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान अंकित ने जेब से चाकू निकाल लिया और गाली-गलौज करते हुए धमकाने लगा। उसके साथ आए अन्य दो युवकों ने भी अखिलेश के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। आरोप है कि बदमाशों ने कहा कि यदि होटल चलाना है तो हर महीने 5 हजार रुपए देने होंगे, नहीं तो जान से खत्म कर देंगे। इसके बाद जब पीड़ित ने अपने सेठ नितेश को फोन लगाया तो तीनों आरोपी वहां से भाग गए। जाते-जाते भी उन्होंने पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी।

## खबर एक नजर...

### डाली परमार का राष्ट्रीय मेरिट कम मींस में चयन

**उज्जैन।** शासकीय हाई स्कूल अमला बड़नगर की होनहार छात्रा डाली परमार ने राष्ट्रीय मेरिट कम मींस परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की ओर से छात्रा और उसके माता-पिता का पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय सम्मान किया गया।

समारोह में संस्था के प्राचार्य गोपाल सोनकुसरे ने छात्रा के माता-पिता का सम्मान किया। उन्होंने परीक्षा में चयन के लाभ बताते हुए कहा कि कुमारी डाली को आगामी 4 वर्षों तक प्रतिमाह 1000 रुपए की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। यह राशि छात्रा को अपनी आगे की पढ़ाई निरंतर जारी रखने में बड़ा सहयोग प्रदान करेगी। प्राचार्य ने शिक्षा का महत्व बताते हुए अन्य छात्र-छात्राओं से भी इस सफलता से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

सम्मान समारोह का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक धर्मेंद्र सिंह पलासिया ने किया तथा आभार राजेंद्र राणा ने माना। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से धन्नालाल शर्मा, राधा परमार, अनुसूया राणा, प्रियंका राठौर और सुश्री रुचि वर्मा उपस्थित रहे। पूरे विद्यालय परिवार ने होनहार छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे बधाई प्रेषित की।

### वूमेन इन साइंस थीम पर हुआ आयोजन, छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**उज्जैन।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्यप्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय 'राष्ट्रीय विज्ञान सप्ताह' का भव्य समापन हुआ।

इस वर्ष यह आयोजन वूमेन इन साइंसः केटेलाइजिंग विकसित भारत₹ थीम पर केंद्रित रहा, जिसमें छात्राओं ने वैज्ञानिक नवाचारों और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में इंदौर के जिमी मेकगिलीगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट की डायरेक्टर पद्मश्री डॉ. जनक पलटा मेकगिलीगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब नीति निर्धारण में सतत विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण के अपने अनुभवों को साझा करते हुए छात्राओं को प्रेरित किया।

#### मातृशक्ति का सम्मानः आईटीसी 'मिशन सुनहरा कल' के तहत एफ्रो संस्था का आयोजन

# महिलाओं ने लिया अधिकारों के लिए सजग रहने का संकल्प, स्वरोजगार और कानूनी अधिकारों पर हुआ मंथन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आईटीसी 'मिशन सुनहरा कल' कार्यक्रम के अंतर्गत 'एफ्रो' संस्था द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और वित्तीय साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समारोह में उपस्थित महिलाओं ने अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा किए और अपने अधिकारों के लिए लड़ने का संकल्प लिया।

### विभागीय योजनाओं से मिलेगी आर्थिक आजादी

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रतिनिधि ज्योति मैडम ने ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने वाली विभागीय योजनाओं




की जानकारी दी, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो और जीवन स्तर बेहतर बन सके। उद्यानिकी विभाग की ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी प्रवीना पवार और पूनम ठक्कर ने महिलाओं को विभिन्न उद्यानिकी योजनाओं से अवगत कराया। वहीं, कृषि विभाग से आईं कृषि विस्तार अधिकारी पुष्पलता डावर ने शासन की लाभकारी कृषि योजनाओं की जानकारी साझा की।

### कानूनी अधिकार और सुरक्षा पर हुआ मार्गदर्शन

वन स्टॉप सेंटर से आईं रचना शर्मा ने महिलाओं और बच्चों के अधिकारों, परामर्श और उन्हें मिलने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। 'कार्ड' संस्था की प्रतिनिधि अमृता चतुर्वेदी और मीनाक्षी तिवारी ने महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और रोजगारोन्मुखी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति, उत्कृष्ट कार्यों के लिए हुआ सम्मान

कार्यक्रम में भोपाल आईटीसी मुख्यालय से विशेष अतिथि के रूप में श्री प्रसाद देसकर शामिल हुए। एफ्रो संस्था के परियोजना संचालक नीरज होल्कर ने परियोजना की वर्तमान गतिविधियों और जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों की जानकारी साझा की। इसके अलावा, सामाजिक कार्यकर्ता प्रीति पुरोहित और आईटीसी चौपाल सागर से राकेश पांडे भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन बृजमोहन सांवले ने किया। अंत में एफ्रो टीम द्वारा सभी अतिथियों व मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया गया।

### ड्यूटी से गायब 4 डॉक्टरों का कलेक्टर ने काटा वेतन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले के सबसे बड़े चरक अस्पताल में गुरुवार दोपहर अचानक कलेक्टर रोशन कुमार सिंह निरीक्षण करने पहुंच गए। उन्होंने अस्पताल में कई अनियमितताएं मिलने पर अधिकारियों और जिम्मेदारों को फटकार लगाई। वहीं ड्यूटी रजिस्टर में साइन नहीं करने पर चार डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए। सुरक्षा में चूक मिलने पर सिक्योरिटी एजेंसी पर 50 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया। चरक अस्पताल भवन में अव्यवस्थाओं की लगातार शिकायतें मिलने पर कलेक्टर सिंह ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान वे करीब एक घंटे तक अस्पताल में रहे। यहां उन्होंने ड्यूटी रजिस्टर चेक किया, जिसमें ओपीडी, इमरजेंसी और वार्डों के डॉक्टरों के लिए अलग-अलग रजिस्टर होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि रोस्टर को सही कर ड्यूटी चार्ट को बेहतर बनाया जाए।

#### उज्जैन में गूंजा जय सरदार, सब के सरदार

# राष्ट्र की चेतना का स्वर बनी 'सरदार एकता यात्रा'

### शाजापुर-मक्सी होते हुए शहर पहुंची यात्रा, चरण पादुकाओं और गोल्डन अशोक स्तंभ के दर्शन के लिए उमड़ा सर्व समाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के पावन अवसर पर निकाली जा रही ह्लसरदार एकता यात्राह्व गुरुवार, 12 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे शाजापुर-मक्सी होते हुए उज्जैन पहुंची। शहर में प्रवेश करते ही सर्व समाज द्वारा यात्रा का अभूतपूर्व और भव्य स्वागत किया गया। यह यात्रा उस महापुरुष के प्रति श्रद्धा का प्रणाम है, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन भारत की एकता और सर्व समाज के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया।

उज्जैन आगमन पर यात्रा ने पंवासा, सेठी नगर चौराहा, शहीद पार्क, टावर चौक और नानाखेड़ा होते हुए चिंतामन रोड स्थित श्री राम वाटिका तक का सफर तय किया। पूरे मार्ग में जगह-जगह नागरिकों और विभिन्न संगठनों ने पुष्पवर्षा व माल्यार्पण कर यात्रा का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान यात्रा के साथ आए गुजरात के पदाधिकारियों का भी शॉल-श्रीफल और पुष्पहार से अभिनंदन किया गया।

### श्रद्धा का केंद्र बनीं पावन चरण पादुकाएं

यात्रा में पूज्य सरदार पटेल की पावन चरण पादुकाएं और सम्मान स्मृति के रूप में 'गोल्डन अशोक स्तंभ' साथ चल रहे हैं, जो दर्शनार्थियों के लिए श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। यह दृश्य लोगों की आत्मा को स्पर्श करने वाला अनुभव रहा। लोग दर्शन कर सरदार के त्याग, संकल्प और राष्ट्र के प्रति निष्ठा को नमन कर रहे हैं।

आयोजन से जुड़े मनोज पाटीदार ने बताया कि ₹जय सरदार, सब के सरदार₹ केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र की चेतना का स्वर है। सरदार पटेल का चिंतन किसी सीमा में नहीं बंधा था, बल्कि वह सम्पूर्ण भारत और हर वर्ग के लिए था। यह क्षण केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एकता और राष्ट्रीय चेतना का बड़ा उत्सव बन गया है। उज्जैन में भ्रमण के बाद यह यात्रा तराना नगर होते हुए मां उमिया धाम (तराना) पहुंचेगी, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इन संगठनों ने बिछाए पलक-पांवड़े

यात्रा के स्वागत में सर्व समाज उज्जैन, सरदार पाटीदार युवा संगठन, अखिल भारतीय कुर्मी समाज, राधा कृष्ण गौशाला, पाटीदार विवाह समिति पाठशाला, श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा समिति, ज्ञान वर्षा इंटरनेशनल स्कूल, श्री राधा कृष्ण वेयरहाउस, कड़वा पाटीदार धर्मशाला, लेवा कड़वा पाटीदार धर्मशाला राम मंदिर समिति, विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल और हिंदू हेल्पलाइन सहित अनेक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### कार्यक्रम में इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी हरि सिंह यादव, हिंदू हेल्पलाइन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पाटीदार, कुर्मी समाज के प्रदेश सचिव महेंद्र कटियार के साथ अशोक पाटीदार, जितेंद्र कटियार, जितेन गंगवार, अनुदीप गंगवार, सूरज चौधरी, मुन्ना चौधरी, दीपेश पाटीदार, अजीत कटियार, रामप्रसाद पाटीदार, सुभाष पाटीदार, प्रकाश पाटीदार, मनोज पाटीदार, निर्मल, रमेश पाटीदार, रामचंद्र पाटीदार, वेद प्रकाश आर्य, रवि पाटीदार, धैर्य पाटीदार, डॉ. रजत पाटीदार, गोविंद पाटीदार, दिनेश पाटीदार, प्रकाश पाटीदार, सुरेश पाटीदार, दर्शन पाटीदार, प्रवीण नायक, ईश्वर चौधरी और पवन पाटीदार उपस्थित रहे।

# जनसांख्यिकीय लाभांश को विकास में बदलने के लिए संरचनात्मक सुधार जरूरीः प्रो. सामरा

### सम्राट विक्रमादित्य विवि में 'वैश्वीकरण और उदारीकरण का प्रभाव' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी; देशभर के अर्थशास्त्रियों ने आर्थिक सुधारों और चुनौतियों पर किया मंथन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की अर्थशास्त्र अध्ययनशाला और भारतीय आर्थिक परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को 'भारत में वैश्वीकरण एवं उदारीकरण का प्रभाव' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का शानदार आगाज हुआ। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज ने की। संगोष्ठी के पहले दिन देशभर से आए प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों और शिक्षाविदों ने 1991 के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में आए बदलावों, एलपीजी मॉडल के फायदों और इससे उपजी चुनौतियों पर गहन मंथन किया।

**वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ाव और जनांककीय लाभांश पर जोर-** कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के प्रो. एस. एस. सामरा ने अपने बीज वक्तव्य में वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यूरोप और अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा कि आर्थिक विकास एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है। वैश्वीकरण ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को एक-दूसरे से गहराई से जोड़ दिया है। भारत के पास जनांककीय लाभांश की एक बड़ी ताकत है, जिसे सही नीतियों और संरचनात्मक सुधारों के जरिए विकास के बड़े अवसर में बदला जा सकता है।

### 1991 के सुधारों ने अर्थव्यवस्था को बनाया प्रतिस्पर्धी

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. एस. के. मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी की प्रासंगिकता पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण और उदारीकरण ने भारत के व्यापार और रोजगार के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है।

वहीं, भारतीय आर्थिक परिषद् के समन्वयक डॉ. अनिल कुमार ठाकुर ने परिषद् के इतिहास और भारत के आर्थिक विकास क्रम पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 1991 में अपनाए गए उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (एलपीजी मॉडल) के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था कहीं अधिक खुली और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन गई है।

तकनीक और व्यापार बढ़ा, लेकिन असमानता भी एक चुनौती

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा से आए प्रो. एन. पी. पाठक ने आर्थिक सुधारों के ऐतिहासिक विकास और वैश्विक बाजारों के प्रभाव पर बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि वैश्वीकरण के कारण देश में व्यापार, पूंजी प्रवाह और तकनीकी विकास में तो तेजी आई है, लेकिन इसके साथ ही रोजगार के बदलते स्वरूप, सामाजिक असमानता और आर्थिक स्थिरता जैसी नई चुनौतियां भी सामने खड़ी हुई हैं।

### इन विद्वानों ने भी रखे विचार, गरिमामयी रही उपस्थिति

संगोष्ठी में गुजरात विश्वविद्यालय (अहमदाबाद) के प्रो. संजय कुमार परदेसी, कोटा विश्वविद्यालय के डॉ. एस. के. कुलश्रेष्ठ और इग्नू (पुणे) के क्षेत्रीय निदेशक सदानंद सोयाबीन सहित अनेक विद्वानों ने विषय पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में प्रो. राजकुमार नीमा, प्रो. पंकज माहेश्वरी, प्रो. निखिल जोशी, डॉ. धीरेंद्र केरवाल, डॉ. सलिल सिंह, डॉ. विश्वजीत सिंह परमार, डॉ. नलिन सिंह पंवार और डॉ. आर. मूसलगांवकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंत में विषय पर सारगर्भित चर्चा हुई जिसमें विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने सक्रिय रूप से अपनी जिज्ञासाएं रखीं। प्रथम दिवस की यह अकादमिक चर्चा अत्यंत ज्ञानवर्धक और विचारोत्तेजक रही।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन संभाग अध्यक्ष समेत कई पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया

**उज्जैन।** इंदौर टेंट ओनर्स एसोसिएशन द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य और रंगारंग आयोजन किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट हाउस एसोसिएशन और विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य रूप से उज्जैन संभाग अध्यक्ष समीर उल्हक का भव्य सम्मान किया गया।

आयोजन के दौरान उज्जैन संभाग अध्यक्ष समीर उल्हक के अलावा इंदौर संभाग अध्यक्ष पवन जायसवाल, नागदा के पूर्व अध्यक्ष ललित सोलंकी, आगर के अध्यक्ष यादव साहब, आगर सचिव गोपाल टेलर, उज्जैन टेंट के संगठन सचिव जुल्फेज जाफरी और फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट हाउस एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों का स्वागत व सम्मान किया गया।

इस शानदार आयोजन में फेडरेशन ऑफ एमपी के महासचिव राजेश हार्डिया, इंदौर अध्यक्ष कमल जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना वर्मा, सचिव अमित खनूजा, कोठारी, पवन जायसवाल और मुकेश जायसवाल सहित इंदौर टेंट ओनर्स के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को आकर्षक उपहार भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। इस सफल और बेहतरीन आयोजन के लिए उपस्थित जनों ने आयोजकों को बधाई दी।

### युवा कांग्रेस ने उठाई स्थायी भवन और स्थानीय युवाओं को नौकरी की मांग

**उज्जैन।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 'अमृत काल' में प्रति वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने के वादे के पूरा न होने पर युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। साथ ही, उज्जैन के रोजगार कार्यालय के पास स्वयं का स्थायी भवन न होने को लेकर भी रोष व्यक्त किया गया है। जिला युवा कांग्रेस सचिव रवि यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जिला रोजगार अधिकारी विजेंद्र बिजौलिया को ज्ञापन सौंपा और जिले में शिक्षित बेरोजगारों की बढ़ती संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त की। ज्ञापन के माध्यम से युवा कांग्रेस ने मांग की है कि स्थायी रोजगार के अवसरों में जिले के स्थानीय बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा, दर-दर भटक रहे रोजगार कार्यालय की दयनीय स्थिति पर सवाल उठाते हुए इसके लिए तत्काल एक स्थायी भवन आवंटित करने की प्रमुखता से मांग की गई है।

#### ज्ञापन के दौरान इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव नरेंद्र मालवीय, प्रदेश महासचिव अंकित यादव (विशु), ललित मीणा जी, घटिया विधानसभा अध्यक्ष शेर सिंह चौहान, बल्लू गुर्जर, अतुल चौहान, हिमांशु शुक्ल, राज उदयवाल, यशवंत चौहान, निलेश मेहरा, मुकुल घुरैया, महेंद्र चौधरी, दिनेश सूर्यवंशी, आदित्य ठाकुर, लवेश परमार, देव कपूर, रोहित लश्करी, यश सिंह राठौर, उमेश जाटव, राजेंद्र पांड्या, जीवन गुर्जर, प्रतीक पालीवाल, कान्हा बना, पार्थ सोलंकी आदि साथी उपस्थित थे।

# प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म तप कल्याणक पर निकला भव्य चल समारोह

### मुनि निर्णय सागर जी महाराज के सानिध्य में हुई धर्मसभा; तप, त्याग और धर्म का दिया संदेश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म-तप कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर शहर में भव्य एवं श्रद्धामयी चल समारोह (शोभायात्रा) का आयोजन किया गया। आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि निर्णय सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में संपन्न हुए इस आयोजन में जैन समाज के श्रद्धालु, महिला मंडल, बाल मंडल और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समाजजनों ने यह संदेश दिया कि जैन धर्म की अनादि परंपरा का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी से नहीं, बल्कि प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ से हुआ है।

दिगंबर जैन महासमिति के अध्यक्ष रमेश जैन ह्यएकताह्ल और मीडिया प्रभारी सचिन कासलीवाल ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव को विशेष भव्य स्वरूप दिया गया। प्रातः 8:30 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से भगवान आदिनाथ का पूजन-अभिषेक कर शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा शहीद पार्क, कमला नेहरू मार्ग, चंद्रप्रभु मंदिर (कल्याणमलजी), इंदिरा गांधी चौराहा और घंटाघर होते हुए पुनः शहीद पार्क मार्ग से पंचायती दिगंबर जैन मंदिर (फ्रीगंज) पहुंची। भगवान आदिनाथ की आकर्षक झांकी, धर्मध्वज, बैंड-बाजे और श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया।

पंचायती दिगंबर जैन मंदिर पहुंचने के बाद भव्य धर्मसभा का आयोजन किया गया। यहाँ मुनि निर्णय सागर जी महाराज ने अपने मंगलमय प्रवचनों में भगवान आदिनाथ के तप और त्याग का उल्लेख करते हुए उनके संदेशों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में समाजजनों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

#### शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के ग्रंथालय का होगा उन्नयन, विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए रखे गए सभी प्रस्तावों पर लगी मुहर

## संस्कृत विद्या के संवर्धन पर मंथन: कलेक्टर की अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति की बैठक, विकास कार्यों को मिली हरी झंडी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में संस्कृत विद्या के संवर्धन और विद्यार्थियों की सुविधाओं के विस्तार को लेकर गुरुवार को कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति की अहम बैठक संपन्न हुई। इसमें महाविद्यालय के विकास कार्यों, ग्रंथालय (लाइब्रेरी) के उन्नयन और आगामी नैक मूल्यांकन प्रक्रिया सहित कई अहम प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक की शुरूआत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने समिति को विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए आयोजित किए गए विशेष व्याख्यान, कार्यशालाओं, शैक्षणिक भ्रमण और राष्ट्रीय वेबिनार जैसे विविध कार्यक्रमों की जानकारी दी।

समिति के समक्ष विद्यार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित विकास कार्यों की रूपरेखा रखी गई। साथ ही, महाविद्यालय के ग्रंथालय को अपग्रेड करने और नैक मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया में होने वाले व्यय का सटीक आकलन भी प्रस्तुत किया गया। सभी प्रस्तावों पर गहन मंथन के बाद समिति ने नियमानुसार उन्हें अपनी सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। इस महत्वपूर्ण बैठक में महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. श्रेयस कोरान्ने और साहित्य विभाग के आचार्य डॉ. हेमंत शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों और कार्यवाहियों की जानकारी जनभागीदारी समिति के प्रभारी एवं ज्योतिष विभाग के आचार्य यश शर्मा ने दी।

### जिले में तैयार किये जा रहे हैं 800 युवा आपदा मित्र वॉलेन्टियर्स

**उज्जैन।** गृह मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा एनडीएमए एवं एसडीएमए के सहयोग से देश के विभिन्न राज्यों में आपदा मित्र योजना को संचालित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत मध्यप्रदेश के 11 जिलों को चिन्हित किया गया है। इस योजना के तहत 800 आपदा मित्रों को चिन्हित कर 07-07 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के माध्यम से 04 सत्रों में प्रशिक्षित किया जायेगा। जिले में युवा आपदा मित्र योजना के प्रथम चरण में लगभगत 170 आपदा मित्रों चिन्हित कर विभिन्न आपदाओं के बारे में व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।उज्जैन जिले में योजना के प्रथम सत्र की शुरूआत विगत 10 मार्च से हो चुकी है।

## महाकाल दर्शन व्यवस्था को लेकर जिले भर में होंगे आंदोलन

### जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक में बनी आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर में चल रहे असंतुलित चौड़ीकरण, महाकाल मंदिर में आम श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था और राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर जिला युवा कांग्रेस ने जिले भर में आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। गुरुवार को जिला युवा कांग्रेस की जिला स्तरीय कार्यकारिणी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष अर्पित यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि चंद्रभान सिंह चंदेल और युवा कांग्रेस के जिला प्रभारी वरेशपाल सिंह जादौन द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर सूत की माला अर्पण कर की गई।

बैठक का सुचारू संचालन हिमांशु शुक्ल ने किया। इस मासिक बैठक में युवा कांग्रेस द्वारा वर्तमान राजनीतिक व सामाजिक स्थिति तथा संगठन के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर गहन चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अर्पित यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा अमेरिका से की गई अनुचित ट्रेड डील, शहर में बिना योजना के हो रहे असंतुलित चौड़ीकरण और महाकाल मंदिर में आम श्रद्धालुओं के लिए सुचारू दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस जिले भर में अपना विरोध प्रदर्शन व आंदोलन जारी रखेगी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष यशराज चावड़ा, विधानसभा उपाध्यक्ष बल्लू गुर्जर, बड़नगर विधानसभा उपाध्यक्ष लखन परमार, महिदपुर ब्लॉक अध्यक्ष शिवराज बना, घटिया ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र रंगवाल, जिला महासचिव संदीप पवार, हर्ष पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष यश पागे, आदित्य धैपते, सौरभ यादव, आभाष उपाध्याय, अभिषेक खंडेलवाल, प्रकाश सोलंकी, राजेश गौड और अरुण पोरवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## वर्ल्ड किडनी डे पर निःशुल्क मल्टी स्पेशलिटी शिविर में 105 मरीजों की जांच

### तेजनकर हॉस्पिटल, दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी और शेल्बी हॉस्पिटल की संयुक्त पहल; मरीजों को दवाइयों और जांच में मिली विशेष छूट

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



विश्व किडनी दिवस (वर्ल्ड किडनी डे) के अवसर पर शहरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तेजनकर हॉस्पिटल, दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी और इंदौर के शेल्बी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में एक निःशुल्क मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 105 मरीजों ने अपना पंजीयन कराकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया।

दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन ने बताया कि शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीनियर हाई कोर्ट एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा, लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन संजय सक्सेना, बी.के. तेजनकर और शीतल तेजनकर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। स्त्री एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. नियति जैन शाह और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिंस कुशवाहा ने मरीजों को सर्वाइकल कैंसर और मुख कैंसर के शुरूआती लक्षणों, बचाव के उपायों और समय पर जांच (स्क्रीनिंग) की अहमियत के बारे में विस्तार से समझाया। वहीं, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकुर अग्रवाल, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. सावन अग्रवाल और किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहित नरेडी ने संबंधित बीमारियों से जूझ रहे मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया।

## खबर एक नजर...

### दूल्हा-दुल्हन के वेश में सजीं युवतियां; कार्तिक चौक तक पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

**उज्जैन।** धार्मिक राजधानी अवंतिका में इन दिनों गणगौर और फूलपाती उत्सव की चहुंओर धूम है। इसी क्रम में बुधवार को राठौर क्षत्रिय महिला मंडल द्वारा श्रीमती निर्मला चौहान के नेतृत्व में भव्य 'फूलपाती चल समारोह' निकाला गया। समाज की महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक उत्साह के साथ इस आयोजन में सहभागिता की।

गणगौर पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग से जुड़ा है। यह वैवाहिक सुख और अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए चल समारोह में युवतियों को दूल्हा-दुल्हन बनाकर 'बाना' निकाला गया। मान्यता है कि अविवाहित कन्याएं अच्छे वर के लिए और विवाहित महिलाएं पति की लंबी आयु व सुख-समृद्धि के लिए गणगौर माता की प्रार्थना करती हैं।

चल समारोह का शुभारंभ क्षीरसागर स्थित गांधी उद्यान से हुआ। यहाँ से बैंड-बाजों और बग्घियों के साथ शुरू हुआ कारवां कंठाल, कमरी मार्ग, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी होते हुए कार्तिक चौक स्थित राठौर समाज धर्मशाला पहुंचा। मार्ग में जगह-जगह समाजजनों द्वारा पुष्प वर्षा कर चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया। धर्मशाला पहुंचकर गणगौर माता का पूजन किया गया और पारंपरिक झाले दिए गए।

मंचीय कार्यक्रम के दौरान दूल्हा-दुल्हन बनी युवतियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रश्न-उत्तर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को उपहार भेंट किए गए। ट्रस्टी संजय राठौर ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखना है। इस अवसर पर राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के संरक्षक शिवनारायण राठौर, अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठौर, सचिव धर्मेंद्र मगरवा, कोषाध्यक्ष मदन लाल राठौर, युवा अध्यक्ष दीपक राठौड़, पूर्व युवा अध्यक्ष जीतू राठौर और राजेंद्र परमार उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से अध्यक्ष श्रीमती निर्मला चौहान, परामर्शदाता शारदा राठौर व संतोष राठौर, संरक्षक अनिता राठौर, सचिव मधु राठौर, कोषाध्यक्ष अनुराधा राठौर, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा राठौर, पूर्व कोषाध्यक्ष पर्वती राठौर, उपाध्यक्ष सुनीता राठौर, दाखाबाई राठौर, किरण राठौर, मीना राठौर (इंदिरा नगर), बृजबाला राठौर, उषा राठौर, कृष्णा राठौर, लता राठौर और किरण राठौर मौजूद थीं।

### रेडियो के माध्यम से नरवाई प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम का प्रसारण किया गया

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं उपसंचालक कृषि के निर्देशानुसार गुरुवार को रेडियो दस्तक के कार्यक्रम खेती-बाड़ी में नरवाई प्रबन्धन विषय पर कार्यक्रम प्रसारित कराया गया। 30 मिनट के इस प्रसारण में नरवाई क्या है, किसान इसे क्यों जलाता है, इससे क्या नुकसान होता है, इसका प्रबंधन कैसे किया जाएं एवं जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नरवाई प्रबन्धन जागरूकता अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा की गई'

45वें राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव में 55 मातृशक्तियों का होगा सम्मान

# महादेवी वर्मा की जयंती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, उज्जैन के साहित्यकारों की रहेगी सहभागिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आधुनिक मीरा' के नाम से विख्यात महादेवी वर्मा की जयंती की पूर्व संध्या और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार, 15 मार्च

को प्रयागराज में 45वां राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय आयोजन में देश भर की लगभग 55 मातृशक्तियों को 'महादेवी वर्मा साहित्य, कला, आदर्श नारी व सेवा सम्मान' से अलंकृत किया जाएगा। इस अवसर पर 'साहित्य, संस्कृति एवं राष्ट्रसेवा के परिप्रेक्ष्य में नारी शक्ति का योगदान' विषय पर एक विशेष राष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की जा रही है।

महोत्सव के संयोजक डॉ. प्रभु चौधरी ने बताया कि समारोह के शुभारंभ अवसर पर संस्था के मासिक समाचार पत्र 'संचेतना समाचार' के 25वें अंक (आधुनिक मीरा महादेवी वर्मा विशेषांक) का अतिथियों द्वारा विमोचन किया जाएगा। यह पूरा आयोजन मम्फोर्डगंज (प्रयागराज) के सुभाष नगर स्थित ज्वालादेवी सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में तीन प्रमुख सत्रों में संपन्न होगा।

पहले सत्र के मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष व प्रख्यात विद्वान प्रो. रामकिशोर शर्मा होंगे। अध्यक्षता जगदीश साहित्य संस्थान (प्रयागराज) के अध्यक्ष मनमोहन सिंह करेंगे। इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उज्जैन हिन्दी अध्ययनशाला के आचार्य डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा अपने विचार रखेंगे। सारस्वत अतिथि के रूप में प्रयागराज संस्कृत विभाग की सहायक आचार्य डॉ. मीनाक्षी सांकरी उपस्थित रहेंगी। विशिष्ट अतिथि प्रयागराज हिन्दी विभाग के आचार्य प्रो. राजकुमार गर्ग और आगर मालवा के साहित्यकार डॉ. दशरथ मसानिया होंगे, जबकि कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रयागराज की साहित्यकार डॉ. उर्वशी उपाध्याय रखेंगी। समारोह के दूसरे सत्र में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इसकी मुख्य अतिथि आकाशवाणी इंदौर की पूर्व वरिष्ठ उद्घोषिका सुधा शर्मा होंगी और अध्यक्षता साहित्यकार राजिंदर सिंह बेदी करेंगे। मुख्य वक्ता इंदौर की डॉ. दीप्ति गुप्ता होंगी। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में जगदीश कौर, भिलाई के हरिप्रकाश गुप्ता और भोपाल की डॉ. प्रतिभा मिश्रा मौजूद रहेंगी। तीसरे सत्र में 'आधुनिक मीरा महादेवी वर्मा साहित्य सम्मान' समारोह आयोजित होगा। इसकी अध्यक्षता प्रयागराज की विजयलक्ष्मी विभा करेंगी। मुख्य अतिथि मुंबई की डॉ. अल्पना दीक्षित और सारस्वत अतिथि डॉ. स्नेहा सुधा होंगी। इस सत्र में उज्जैन से राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. प्रभु चौधरी मुख्य वक्ता होंगे। विशिष्ट अतिथियों में प्राचार्य नीना श्रीवास्तव, प्रयागराज के डॉ. सुधाकर दुबे और कोलकाता की डॉ. सुनीता मण्डल शामिल होंगी। इस गरिमामय समारोह को सफल बनाने की अपील आयोजन समिति की राष्ट्रीय महासचिव डॉ. शहेनाज शेख, आभा दुबे, डॉ. अरूणा सराफ, संगीता केसवानी, माया मेहता, ज्योति कुशवाह, पुष्पा गरोठिया और तृप्ति शाह आदि ने की है।

### चेटीचंड महोत्सवः 15 मार्च को सजेगीसुरों की महफिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी चेटीचंड महापर्व को इस वर्ष ऐतिहासिक और भव्य तरीके से मनाया जाएगा। पर्व की रूपरेखा तैयार करने के लिए सिंधी साहिती पंचायत और राष्ट्रीय सिंधु मंच के संयुक्त तत्वावधान में धनवानी हॉल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के संयोजक महेश परयानी के नेतृत्व में होने जा रहे चेटीचंड पर्व के फोल्डर का विमोचन किया गया। दीपक बेलानी ने बताया कि 15 मार्च (रविवार) को भव्य कार्यक्रम होगा। पिछले 10 सालों से समाज को जिसका इंतजार था, वह अब पूरा होने जा रहा है। मुंबई के विश्व विख्यात सिंगर मोहित लालवानी उज्जैन में अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही सिंधी युवा-युवतियों को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए मुंबई की कलाकार पूजा मोटवानी द्वारा सिंधी पारंपरिक परिधानों पर आधारित एक विशेष 'फैशन शो' प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में समाज के कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इनमें मुख्य रूप से पुरुषोत्तम रामसिंघानी, नरेश धनवानी, महेश गंगवानी, रमेश गजरानी, डॉक्टर जितेंद्र जेठवानी, विशाल चन्दनानी, ललित लुल्ला, ईश्वरचंद्र चंचलानी और महेश कुकरेजा मौजूद रहे।

### प्राची' ने किया नारी शक्ति का सम्मान

**उज्जैन।** बैंकर्स साहित्यिक संस्था 'प्राची' द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'नारी शक्ति सम्मान' समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध मानव एवं महिला स्वास्थ्य संरक्षक डॉ. सतिंदर कौर सलूजा उपस्थित रहीं। उन्होंने समाज में बढ़ रही दुष्कर्म और घरेलू हिंसा की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से मांग की कि ऐसे अपराधियों के लिए कानून में केवल एक ही कड़ा दंड होना चाहिए– सजा-ए-मौत। विशेष अतिथि आकाशवाणी उज्जैन की केंद्र निदेशक मेडम अनामिका चक्रवर्ती ने कहा कि भारत भूमि पर स्त्री और पुरुष मनु-शतरूपा की तरह एक सभ्य सृष्टि के निर्माण में एक-दूसरे के पूरक हैं, यही इस दिवस की सार्थकता है। संस्था के मुख्य संयोजक यू.एस. छाबड़ा ने कहा कि आज नारी विज्ञान, खेल और प्रबंधन सहित हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रही है। वहीं, स्वाति कालरा ने बच्चों को सनातनी संस्कार देने और गुरुओं के उपदेशों के पालन पर जोर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सचिव गोपालकृष्ण निगम द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई।

# रामघाट पर दिखा बेटियों का शौर्य; महिला थाना प्रभारी बोलीं- सोशल मीडिया पर न डालें निजी जानकारी

### साइबर सुरक्षा और सेल्फ डिफेंस पर जोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




सशक्त नारी-सुरक्षित समाज' के संदेश के साथ रामघाट पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का खास आयोजन किया गया। सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (कार्ड) संस्था और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में बालिकाओं ने आत्मरक्षा के गुर दिखाए। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं और बच्चियों को साइबर ठगी व सोशल मीडिया के खतरों से बचने के टिप्स दिए। महिलाओं के लिए मनोरंजक गेम्स भी आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी लीला सोलंकी ने साइबर क्राइम को लेकर अलर्ट किया। उन्होंने समझाइश दी कि सोशल मीडिया का उपयोग सिर्फ काम के लिए करें और वहां अपनी कोई भी निजी जानकारी शेयर न करें। किसी अनजान को फ्रेंड रिक्वेस्ट न भेजें और न ही एक्सेप्ट करें। बच्चियों से कहा गया कि वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें और किसी भी तरह की परेशानी होने पर बेझिझक अपने परिवार को बताएं। देवास गेट थाना प्रभारी अनीता ने सेल्फ डिफेंस को आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया और सभी लड़कियों से आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेने की अपील की।

आयोजन के दौरान हुए खेलों और प्रदर्शन के आधार पर बच्चियों को पुरस्कृत किया गया। इसमें टीना अहिरवार ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय और खुशी माली ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया।

कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी लीला सोलंकी, देवास गेट थाना प्रभारी अनीता, एसपी कार्यालय की महिला सुरक्षा शाखा से अंकित, महिला बाल विकास से प्रियंका, महिला थाना विवेचक रेणु शर्मा, डॉ. आभा शर्मा, अवंतिका नारी शक्ति तीर्थ क्लब की अध्यक्ष प्रियंका जोशी, जन अभियान परिषद से वैशाली चौहान, आदित्य मानव विकास शोध संस्थान से अंजना शुक्ला, राज्य आनंद संस्थान से जितेंद्र व रंजना मालवीय उपस्थित रहे। इनके अलावा देवी अवंतिका समिति से आत्मरक्षा प्रशिक्षक करुणा शितोले, महिला ई-रिक्शा चालक सीमा वर्मा व संगीता धवले, वॉलेंटियर छवि कदम, शशिकला राठौर, माधुरी शर्मा, मोना शिंदे, हेमा और कविता मौजूद रहीं। कार्ड संस्था की ओर से परियोजना समन्वयक अमृता चतुर्वेदी और जैनुल आब्दीन हुसैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही संस्था से ट्रेनिंग लेने वाली बड़ी संख्या में बालिकाएं भी शामिल हुईं।

### कलेक्टर ने सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार को सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत किए जा रहे आधारभूत संरचना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों को समयसीमा में गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सर्वप्रथम श्री सिद्धनाथ से श्री अंगारेश्वर महादेव से भैरवगढ़ चौराहा तक लोक निर्माण विभाग सिंहस्थ अनुभाग द्वारा बनाए जा रहे मार्ग का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# श्री अग्रवाल महिला मंडल ने निकाला 'फूलपाती चल समारोह'

## 16 शृंगार कर शामिल हुईं अग्रवाल समाज की महिलाएं; दो आयु वर्गों में हुई शृंगार प्रतियोगिता

### गोला मंडी में हुआ समापन, बंटी ठंडाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में मंगलवार (10 मार्च) को शहर में 'फूलपाती चल समारोह' उल्लासपूर्ण माहौल में निकाला गया। क्षीरसागर उद्यान से शुरू हुए इस भव्य समारोह में अग्रवाल समाज की माताओं-बहनों ने पारंपरिक लहंगा-चुनरी और 16 शृंगार कर भारी उत्साह के साथ भाग लिया।

शाम 5 बजे क्षीरसागर उद्यान से शुरू हुआ यह चल समारोह नए मार्ग क्षीर सागर, नई सड़क, कंठाल और तेलीवाड़ा होते हुए गोला मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। समापन के पश्चात सभी उपस्थित जनों के लिए ठंडाई वितरण की व्यवस्था की गई थी। मार्गदर्शक सरोज अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में श्री अग्रवाल पंचायत न्यास के संरक्षण में महिला मंडल की अध्यक्ष ममता अग्रवाल, सचिव मीना गर्ग, कोषाध्यक्ष आभा गर्ग सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्यों और समाज की महिलाओं की अहम भूमिका रही। आयोजन के दौरान 16 शृंगार प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। 50 वर्ष से कम और 50 वर्ष से अधिक आयु की विवाहित महिलाओं के लिए दो अलग-अलग श्रेणियां रखी गई थीं। पूर्ण साज-शृंगार के साथ शामिल हुईं महिलाओं ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और आकर्षक इनाम जीते।

# आलीराजपुर में 2 दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं जिला प्रशासन के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी आलीराजपुर में 11 एवं 12 मार्च को दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सहित प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। मेले के पहले दिन विभिन्न विभागों द्वारा उन्नत खेती, मोटा अनाज , प्राकृतिक खेती तथा कृषि आदानों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई ।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने कहा कि किसान किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। आलीराजपुर जिले में अधिकांश लोग खेती पर निर्भर हैं, इसलिए किसानों को खेती के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन तथा अन्य कृषि संबद्ध गतिविधियों को अपनाकर अपनी आय बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेले में जिले के प्रगतिशील किसानों को भी आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने नवाचार और उन्नत तकनीकों के माध्यम से खेती में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उनके अनुभव अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक होंगे। उन्होंने बताया कि जिले का चयन केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के लिए किया गया है, जिससे कृषि क्षेत्र को और अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों से मोटे अनाज (मिलेट्स) के उत्पादन को बढ़ाने तथा समूह के रूप में उत्पादन करने का आग्रह किया जिससे उनकी फसल का उचित मूल्य तो मिलेगा ही और उन्हे सामूहिक रूप से भी फायदा होगा । उन्होंने कहा कि मिलेट्स की बाजार में मांग और मूल्य दोनों अधिक हैं, इसलिए किसानों को इसे अपने दैनिक खान-पान में भी शामिल करना चाहिए और अधिक से अधिक उत्पादन भी करना चाहिए उन्होंने आगामी 19 मार्च से शुरू होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए किसानों से खेत तालाब योजना, रिचार्ज पिट एवं वाटरशेड निर्माण जैसे कार्यों में भागीदारी की अपील की, ताकि भू-जल स्तर में वृद्धि हो सके।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मकू परवाल ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। ऐसे कृषि मेले किसानों को उन्नत तकनीकों और नई खेती पद्धतियों की जानकारी देने का प्रभावी माध्यम हैं। इस दौरान श्री जयपाल खरत ने कह कि मेले सह प्रदर्शनी में लगाई जानकारी से सीख लेकर सभी किसानों को लाभ लेकर आगे बढ़ना है।संतुलित उर्वरक आज की कृषि की जरूरत है।



## बुरहानपुर वन मंडल में तेंदूपत्ता संग्रहण अभियान का लक्ष्य बढा

**बुरहानपुर।** वन मंडल ने वर्ष 2026 के लिए तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य बढ़ा दिया है। इस साल 5410 मानक बोरा तेंदूपत्ता एकत्र करने का लक्ष्य तय किया गया है। इस काम के बदले ग्रामीणों को करीब 2 करोड़ 16 लाख 40 हजार रुपये की मजदूरी मिलेगी। मजदूरी की दर 4 हजार रुपये प्रति मानक बोरा तय की गई है। तेन्दूपत्ता संग्रहण शुरू होने से पहले शाखा करतन (छंटाई) कार्य को लेकर मंगलवार को प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम खकनार वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 332 में हुआ और शाम छह बजे तक चला। कार्यशाला में सभी परिक्षेत्र अधिकारी, फड़ मुंशी, फड़ अभिरक्षक और उप वनमंडल अधिकारी शामिल हुए। अधिकारियों ने तेंदूपत्ता संग्रहण और शाखा छंटाई से जुड़े जरूरी नियमों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी। वन विभाग के अनुसार तेंदूपत्ता संग्रहण वन क्षेत्र के आसपास रहने वाले ग्रामीणों के लिए आय का एक अहम जरिया है। हर साल बड़ी संख्या में ग्रामीण इस काम में शामिल होकर अपनी अतिरिक्त आय कमाते हैं।

## कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में वन एवं राजस्व विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वन विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन एवं राजस्व विभाग के संयुक्त सीमांकन, वन व्यपवर्तन प्रकरण, वन अधिकार पत्र, वन व्यवस्थापन की कार्यवाही, कट्ठीवाड़ा एवं मथवाड में ईको पर्यटन, लघु वनोपज महुआ अंतर्राज्यीय बैरियर, परिक्षेत्र कट्ठीवाड़ा में बाघ के विचरण, रेशम उद्योग तथा वन धन विकास केंद्र में प्रशिक्षण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने रेशम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को इसमें शामिल करने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार के अधिक अवसर मिल सकें। साथ ही जिले में ईको पर्यटन को बढ़ावा देने,ईको पर्यटन स्थलों पर नवाचार करते हुए उन्हें अधिक आकर्षक बनाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय और सहयोग से कार्य करें तथा जनकल्याण को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, डीएफओ श्री अमित निकम, संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री मनोज गरवाल, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, महाप्रबंधक उद्योग विभाग, सहित वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपराध रोकना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

11 मार्च 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बड़वानी में नवागत पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों की क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में महिला एवं बच्चियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसपी श्री शुक्ल ने जिले में किसी भी प्रकार के अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि अपराध रोकना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

आगामी त्योहार गणगौर, ईद एवं रामनवमी को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को सक्रिय करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में उनका सहयोग लेने के निर्देश दिए गए। त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, मुख्य मार्गों एवं तिराहों पर विशेष निगरानी रखने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रभावी रात्रि गश्त करने तथा आमजन से सतत संवाद बनाए रखने के लिए कहा गया। फरार स्थायी वारंटी एवं इनामी बदमाशों की थाना स्तर पर समीक्षा कर उनकी गिरफ्तारी हेतु सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत गुम नाबालिग बालक-बालिकाओं की तलाश कर उनकी शीघ्र दस्तयाबी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक 13 मार्च को मनाया जायेगा

**सनावद।** जैन धर्म के संस्थापक व प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक 13 मार्च गुरुवार को नगर में विराजमान आर्यिका आगम मति माताजी के सानिध्य में एवं ब्र.भावेश भैयाजी ऊन के निर्देशन में आदिनाथ छोटा मंदिर में मनाया जायेगा । सन्मति जैन काका ने बताया की भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याण महोत्सव के अवशर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे जिसमे आदिनाथ जिनालय में प्रातः श्री जी का अभिषेक ततपश्चात शान्ति धारा एवं भगवान का नित्य नियम पूजन, एवं रजतमयी श्रुतस्कंध यंत्र की स्थापना की जाएगी। आशीष झांझरी ने बताया की मंदिर में परम पूज्य आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज, आचार्य श्री वर्धमानसागर जी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चरण चिन्ह की स्थापना पश्चात मंडल विधान साथ में आर्यिकामाता जी की मंगल देशना होगी ।पश्चात बड़े बाबा का मंडल विधान किया जायेगा एवम रात्री में भगवान की संगीतमय भक्ति व 48 दीपों से भक्तामर जी की आराधना कर भगवान को पालना झुलाया जायेगा।

## कलयुगी मां ने तीन मासूम बच्चों को कुएं में फेंका तीनों बच्चों की हुई मौत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ खरगोन

थाना सनावद क्षेत्र के ग्राम मलगांव में बलिराम भमोरिया के खेत के कुएं में तीन मासूम बच्चे डूब गए है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव एसडीओपी अर्चना रावत तहसीलदार केसिया सिंह सोलंकी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बलिराम भमोरिया के खेत में बने मकान पर गेहूं काटने के लिए खंडवा जिले के खालवा ब्लॉक से मजदूरों का दल विगत 8-10 दिन से रह रहा था इन्हीं में ग्राम डेहरिया निवासी कालू पिता नाहर सिंह बारेला अपनी पत्नी नानी बाई के साथ उसके तीन बच्चे चार साल का करन ढाई साल का अर्जुन और 20 दिन का दूध मुंहा शिशु भी साथ था तीनों बच्चों के डूबने की सूचना से ग्राम में हड़कंप मच गया गोताखोरों ने कुएं से तीनों बच्चों को खटिया पर डालकर बाहर निकाला।

कालू ने बताया कि सुबह 7 बजे हम दो-तीन किलोमीटर दूर दूसरे किसान के खेत में गेहूं काटने चले गए मकान पर मेरी पत्नी नानी बाई और तीनो बच्चे थे। घटना नानी बाई के रहते ही घटित हुई। इतने छोटे बच्चे कुएं में कैसे डुबे या डुबाया है यह गुत्थी सुलझाने के लिए एसडीओपी अर्चना रावत ने नानी बाई से पूछताछ करने पर नानी बाई पहले बताया करने और अर्जुन खेलते हुए कुएं में गिर गए थे उन्हें बचाने के लिए स्वयं कुएं में खुद गई मेरी गोद में बेटा था वह भी कुंडे में डुब गया । परंतु कुएं में कूदने पर ना तो उसकी साडी गीली हुई ना बाल गीले हुए ना उसे किसी ने कुएं से बाहर निकाला । उसका यह झूठ पकड़ा गया पुलिस का शक गहराया सख्ती से पूछताछ की जा रही है।

## संकल्प से समाधान अभियान 14 से 16 मार्च तक लगेंगे शिविर

**खण्डवा।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि इस अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र ओंकारेश्वर में 12 मार्च को और पुनासा में 13 मार्च को शिविर आयोजित किए जाएंगे। खण्डवा नगर निगम क्षेत्र के अलग अलग वार्डों में 14 से 16 मार्च के बीच ये शिविर आयोजित होंगे।

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

विकासखंड खकनार के सेक्टर क्रमांक ०४ नवांकुर संस्था श्रद्धा बुध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था नेपानगर द्वारा प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर नगर के डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चौराहे स्थित भवन में आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव एवं समिति के सदस्य नवांकुर सखीया अपेक्षित किए गए हैं। प्रस्फुटन समिति , डाभीया, साईखेड़ा, नावथा, सारोला, नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड 1,2,5 के प्रतिभागी उपस्थित हुए। प्रशिक्षण का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटील समाज सेवी विनोद पाटील, व समिति की कुसुम इंगले द्वारा डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया। समापन अवसर पर जिला समन्वयक द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए वही प्रस्फुटन समिति के शहजाद अली द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## छात्रावासों में निवासरत किशोरियों को लगाए जाएंगे एचपीवी के टीके

**खण्डवा।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान इन दिनों जारी है। इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी के टीके लगाये जा रहे हैं। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं को अपने निकटतम टीकाकरण केन्द्र पर ले जाकर एचपीवी का टीका अवश्य लगवाएं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 मार्च को अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास पुनासा, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास रोशनी, नेताजी सुभाषचंद बोस बालिका छात्रावास हरसूद में एचपीवी टीके लगाए जाएंगे। जबकि 13 मार्च को पुनासा ब्लॉक के अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास नवीन पुनासा, हरसूद विकासखण्ड के महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास एसटी और रमसा बालिका छात्रावास में, 14 मार्च को खण्डवा ब्लॉक के बोरगांवखुर्द कन्या छात्रावास में, 15 मार्च को बालिका छात्रावास मॉडल स्कूल हरसूद में एचपीवी के टीके लगाए जाएंगे।

## गेहूं उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि 15 दिन बढ़ाने की मांग

**सनावद।** कृषकों ने गेहूं उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि १५ दिन आगे बढ़ाने और किसानों को पब्लिक डोमेन पोर्टल पर पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग शासन से की है गेहूं उत्पादक किसानों की मांग पर विधायक सचिन बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं कृषि मंत्री एंदलसिंह कंसाना को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में कहा गया है कि शासन ने प्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च 2026 निर्धारित की है वर्तमान में गेहूं खरीदी हेतु शासन द्वारा निर्धारित पैक्स एवं सीएससी केंद्रों पर गेहूं विक्रय हेतु बड़ी संख्या में किसान पहुंच रहे हैं किसानों की संख्या अधिक होने के कारण पंजीयन पोर्टल पर दबाव बहुत ज्यादा बढ़ गया है इस कारण पंजीयन प्रक्रिया अत्यंत धीमी हो गई है। उधर किसानों को कृषि कार्य छोड़कर गेहूं उपार्जन केंद्रों पर घंटों तक कतारों में भूखे-प्यासे खड़ा होना पड़ रहा है। विधायक ने बताया कि वर्तमान में किसानों की संख्या और पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया की धीमी गति को देखते हुए 10 मार्च तक सभी किसानों की पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाएगी। इसलिए गेहूं उपार्जन पंजीयन हेतु निर्धारित 10 मार्च की अंतिम तिथि 15 दिवस बढ़ाकर 25 मार्च की जाए तथा पैक्स एवं सीएससी केंद्रों के अलावा पब्लिक डोमेन पोर्टल पर भी किसानों को पंजीयन करने की अनुमति प्रदान दी जाए। ताकि किसान सुगमता से गेहूं विक्रय का पंजीयन करा सकें।

## किसान मोर्चा पदाधिकारियों ने देखी शतक

**सनावद/बड़वाह** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के नेतृत्व में किसान मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रारंभिक यात्रा और उसके राष्ट्र निर्माण में योगदान पर आधारित फिल्म च्शतकज्ञ का सामूहिक रूप से अवलोकन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# धुरंधर वर्ल्डवाइड 500 स्क्रीन्स पर री-रिलीज

## 19 मार्च को आएगी धुरंधर-2, नया गाना आरी-आरी भी रिलीज

19 मार्च को रिलीज होने वाली फिल्म धुरंधरः द रिवेंज यानी धुरंधर 2 से पहले 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर को एकबार फिर वर्ल्ड वाइड रिलीज किया जा रहा है। जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज मिलकर इसे भारत सहित विदेशों में भी बड़े स्तर पर रिलीज कर रहे हैं। फिल्म का पहला भाग 12 मार्च से भारत की 250 स्क्रीन्स पर दोबारा दिखाया। वहीं, 13 मार्च से इसे विदेशों में 250 स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। यानी कुल 500 स्क्रीन्स पर दर्शक एक बार फिर धुरंधर का रोमांच महसूस कर सकेंगे।

यह फैसला इसलिए किया गया है ताकि 19 मार्च को सीक्वल देखने से पहले फैंस पुरानी कहानी को बड़े पर्दे पर देख सकें। फिल्म को धुरंधर 2 की हाइप बनाने के लिए दोबारा रिलीज की जा रहा है। इस स्ट्रैटेजी का मकसद नए पार्ट के लिए एडवांस बुकिंग में उछाल लाना होता है। भारत में कई फिल्में सीक्वल आने से पहले री-रिलीज की जा चुकी हैं। धुरंधर 2 फिल्म के ट्रेलर के बाद अब इसका पहला गाना 'आरी आरी' रिलीज कर दिया गया है। टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर आए इस गाने में दमदार म्यूजिक और जबरदस्त रैप का तड़का लगाया गया है। ट्रेलर में बैकग्राउंड म्यूजिक के तौर पर सुनने के बाद से ही फैंस इस गाने का इंतजार कर रहे थे। वहीं फिल्म ट्रेलर रिलीज होते ही यूट्यूब पर भारत समेत 45 से ज्यादा देशों में ट्रेंड कर रहा है। 'आरी आरी' गाने को म्यूजिक कंपोजर शशावत सचदेव ने तैयार किया है। उन्होंने पंजाबी टच के साथ मॉडर्न म्यूजिक का तालमेल बिठाया है। इस गाने को नवतेज सिंह रेहल (बॉम्बे रॉकर्स), खान साब, जैस्मीन सैंडलस और सुधीर यदुवंशी ने अपनी आवाज दी है। गाने के बोल गीतकार इरशाद कामिल ने लिखे हैं, जबकि रैप वाले हिस्से को रेबेल और टोकन ने तैयार किया है।

### आलिया भट्ट की फिल्म अल्फा की रिलीज डेट हुई अनाउंस

# 10 जुलाई को रिलीज होगी स्पाई यूनिवर्स की फिल्म

**मेकर्स ठुकरा चुके 215 करोड़ की ओटीटी डील**





आलिया भट्ट, शरवरी वाघ, अनिल कपूर और बॉबी देओल स्टारर स्पाई यूनिवर्स फिल्म 'अल्फा' 10 जुलाई 2026 को रिलीज होगी। प्रोडक्शन हाउस यश राज फिल्म्स ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की है। पहले यह फिल्म 2025 में आने वाली थी, लेकिन बाद में इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई थी।

फिल्म 'अल्फा' को लेकर पहले यह चर्चा थी कि इसे सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स को नेटफ्लिक्स की ओर से 215 करोड़ रुपए की डील का ऑफर मिला था। हालांकि, आदित्य चोपड़ा और उनकी टीम ने इसे ठुकरा दिया।


इस फिल्म में पहली बार आलिया भट्ट और शरवरी वाघ लीड रोल में जासूसी करती नजर आएंगी। फिल्म में दोनों का हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेगा। इनके साथ ही अनिल कपूर और बॉबी देओल भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं। हालांकि, मेकर्स ने अब तक उनके किरदारों को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है।

**2024 में हुआ था फिल्म का ऐलान**

फिल्म 'अल्फा' की घोषणा साल 2024 में की गई थी। पहले इसे 17 अप्रैल 2026 को रिलीज करने की योजना थी, लेकिन अब नई तारीख 10 जुलाई तय की गई है। फिल्म केवल हिंदी में ही नहीं, बल्कि तमिल और तेलुगू भाषा में भी रिलीज होगी। स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड फिल्म होने के नाते मेकर्स को इससे काफी उम्मीदें हैं।

### शिव रवैल ने किया है डायरेक्शन

फिल्म 'अल्फा' का निर्देशन शिव रवैल ने किया है और इसे आदित्य चोपड़ा ने प्रोड्यूस किया है। बॉक्स ऑफिस क्लैश की बात करें तो फिलहाल 10 जुलाई के आस-पास किसी बड़ी फिल्म की रिलीज नहीं है। यह सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' (4 जून) के करीब एक महीने बाद रिलीज होगी। ऐसे में फिल्म को सिनेमाघरों में अच्छी स्क्रीन मिलने की संभावना है।



# मलाइका से लिंक-अप की खबरों पर भड़के सोराब बेदी

## हम सिर्फ दोस्त, लड़की के बारे में बोलने से पहले सोचिए, कोजी वीडियो हुआ था वायरल

स्प्लिट्सविला 16 फेम एक्टर सोराब बेदी ने हाल ही में मलाइका अरोड़ा से नाम जुड़ने पर नाराजगी जाहिर की है। उनका और मलाइका का नाम तब जोड़ा जाने लगा, जब दोनों का एक कोजी वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में सोराब, मलाइका को गले लगाए कोजी डांस करते दिखे थे। हालांकि अब एक्टर का कहना है कि वो और मलाइका सिर्फ दोस्त हैं और कई सालों से एक-दूसरे को जानते हैं।

सोराब बेदी ने हाल ही में टेली टॉक को दिए इंटरव्यू में मलाइका से नाम जुड़ने पर कहा, ह्यडेलनाज दारूवाला और वहबिज मेहता ने मेरे मॉडलिंग के दिनों में मुझे रैंप पर चलने का मौका दिया। मेरी उनसे दोस्ती हुई और मैं उनके साथ पार्टियों में जाने लगा। उन्हीं में से एक पार्टी में मैं अपने मेंटर्स के जरिए मलाइका से मिला। वह भी डेलनाज और वहबिज की करीबी दोस्त हैं। इस तरह मलाइका और मेरी दोस्ती हुई। हमारे बीच ऐसा कुछ भी नहीं है। सोराब ने आगे कहा, ह्यलोग हमारे बारे में तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। किसी लड़की के बारे में कुछ भी बोलने से पहले उन्हें दो बार सोचना चाहिए। इससे उसकी मानसिक स्थिति पर असर पड़ सकता है। ऐसा नहीं करना चाहिए।

# रियलिटी शो द 50 से बाहर हुईं दिव्या अग्रवाल

## बोलीं- गेम समझ से बाहर था, पति संग डिवॉर्स की अफवाहों पर भी तोड़ी चुप्पी



रियलिटी शो द 50 से हाल ही में बाहर हुईं एक्ट्रेस और रियलिटी स्टार दिव्या अग्रवाल एक बार फिर चर्चा में हैं। शो के दौरान उनके गेम, रिश्तों और कुछ कंटेस्टेंट्स के साथ हुई तकरार को लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा रही। खासकर कंटेस्टेंट भव्या सिंह के साथ उनकी बहस और भव्या द्वारा उन्हें गोल्ड डिगर कहे जाने को लेकर भी मामला सुर्खियों में रहा।

शो से बाहर आने के बाद दिव्या ने अपने अनुभव, कंटेस्टेंट्स की रणनीति और आगे के करियर प्लान पर खुलकर बात की। बातचीत में दिव्या अग्रवाल ने भव्या के आरोपों पर भी प्रतिक्रिया दी और अपने तलाक को लेकर चल रही अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है।

**द 50 से बाहर होने के बाद आपके फैंस थोड़े निराश नजर आए, क्या आपको भी इस शो से जल्दी बाहर होने का कोई अफसोस या रिग्रेट है?**

अफसोस जैसा कुछ नहीं है। मुझे लगता है कि हर चीज का एक्सपीरियंस जरूरी होता है। फ्रेंडशिप, स्ट्रेटेजी और इस सोशल मीडिया की पावरफुल दुनिया में रहकर बहुत कुछ सीखने को मिलता है। लेकिन सच कहूं तो इस फॉर्मेट में मुझे उतना मजा नहीं आ रहा था। मेरा मन नहीं लग रहा था। हम न खुलकर झगड़ पा रहे थे, न खुलकर बातें कर पा रहे थे। शो में एक तरह का परिवार वाला माहौल चल रहा था और शायद मैं उस स्पेस में फिट नहीं हो पा रही थी।

**आपने पहले भी बड़े रियलिटी शोज जीते हैं, ऐसे में क्या इस बार भी ट्रॉफी जीतने की उम्मीद या प्रेशर महसूस कर रही थीं?**

सच कहूं तो मैंने इस शो में उतनी मेहनत ही नहीं की। जब आपका दिल ही नहीं लग रहा होता तो आप ट्रॉफी के हकदार भी नहीं होते। मैंने अपनी जिंदगी में जितनी भी ट्रॉफियां जीती हैं, वो दिल से और बहुत नैचुरली जीती हैं। यहां वो फीलिंग ही नहीं आ रही थी, इसलिए मुझे नहीं लगता कि मुझे इसकी जरूरत थी। शो में लगातार अलायंस बनते और टूटते दिखाई दे रहे हैं, ऐसे में आपको क्या लगता है कि आखिर में कौन सा कंटेस्टेंट ट्रॉफी तक पहुंच सकता है? अब तो इतना ज्यादा अलायंस बन चुका है कि शायद पूरा अलायंस ही एक फैनडम की तरह काम करेगा। इसलिए किसी एक को चुनना बहुत मुश्किल है। इस शो में कभी भी कुछ भी हो सकता है। कोई भी जीत सकता है, कोई भी आगे जा सकता है और कोई भी अचानक बाहर हो सकता है। मेरे से पहले भी बहुत अच्छे खिलाड़ी बाहर हो चुके हैं, इसलिए यह गेम काफी अनप्रेडिक्टेबल है।

**शो में प्रिंस को लेकर यह भी आरोप लगाए गए कि कुछ कंटेस्टेंट्स ने पहले से मिलकर एक कॉन्फ्रेंस की थी और अलायंस बनाकर शो में एंट्री ली थी, क्या आपने भी ऐसा कुछ सुना था?**

हां, मैंने भी ऐसी बातें सुनी थीं। मुझे भी उस कॉन्फ्रेंस का ऑफर आया था, लेकिन मैं उसमें शामिल नहीं हुई। अगर कुछ लोगों ने पहले से प्लानिंग की थी तो वह उनकी अपनी गलती है। इसमें शो या चैनल की कोई गलती नहीं है।

**इस शो के दौरान क्या आपको कुछ नए रिश्ते मिले या कुछ पुराने रिश्तों में दूरी भी आई?**

कुछ रिश्ते बने और कुछ बने हुए रिश्ते बिगड़ गए। लेकिन कई बार ऐसा भी लगता है कि जो रिश्ते टूटे, शायद वो पहले से ही असली नहीं थे। इंडस्ट्री में अक्सर लोग सिर्फ हेलो-हाय तक ही सीमित रहते हैं।

**भव्या के साथ आपका विवाद काफी चर्चा में रहा, क्या आगे चलकर उनसे बात करने या रिश्ते सुधारने की कोई संभावना है?**

मैंने पहले कभी उसके बारे में कुछ नहीं कहा था और अभी भी बहुत ज्यादा बोलना नहीं चाहती। लेकिन अगर किसी को मुझसे इतनी परेशानी है तो फिर मेरे पॉडकास्ट को अपने चैनल पर क्यों रखा है? मैं चाहती तो उसे कह सकती थी कि उसे हटा दे, लेकिन अगर उससे उसका घर चलता है तो ठीक है। लाइफ सबको सिखा देती है।

**शो के दौरान आपके और आपके पति के रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की अफवाहें भी फैलती रहीं, उस पर आप क्या कहना चाहेंगी?**

यही सबसे गलत चीज है कि लोगों को भरोसा दिलाने के लिए हमें अपनी निजी जिंदगी को सोशल मीडिया पर दिखाना पड़ता है। मेरी जिंदगी सोशल मीडिया से डिफाइन नहीं होती। हमारी पीआर टीम ने मेरे पति से कहा था कि एक फोटो पोस्ट कर दो ताकि डिवोर्स की अफवाहें बंद हो जाएं। लेकिन उन्होंने साफ कहा कि अगर दिव्या कहेगी तभी मैं पोस्ट करूंगा। हमें किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। अर्चना गौतम के साथ शो में आपका रिश्ता कभी दोस्ती तो कभी तकरार वाला नजर आया, आप इसे कैसे देखती हैं? अर्चना बहुत फनी हैं और हमारा लव-हेट रिलेशन रहा है। लेकिन अगर सच में देखा जाए तो शो में उन्होंने सबसे ज्यादा एंटरटेन किया है। उन्होंने झगड़े भी किए, मस्ती भी की और पूरे दिल से शो को एंजॉय किया।



### आईपीएल के शुरूआती 20 मैच का शेड्यूल जारी

# 28 को बेंगलुरु में आरसीबी-एसआरएच का ओपनिंग मैच



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

आईपीएल 2026 के शुरूआती 20 मैचों का शेड्यूल बुधवार को जारी कर दिया गया है। ओपनिंग मैच 28 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा।

यह मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। इसी मैदान में पिछले साल 4 जून को आरसीबी के पहले टाइटल जीतने के बाद हुई विक्ट्री परेड के दौरान भगदड़ मच गई थी और इसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

हालांकि, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु के मैच कर्नाटक सरकार की एक्सपर्ट कमेटी से मंजूरी के बाद ही होंगे। एक्सपर्ट कमेटी 13 मार्च 2026 को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण करेगी।

**16 दिन में 4 डबल हेडर होंगे-** आईपीएल 2026 के पहले फेज में 16 दिन में 20 मैच खेले जाएंगे। इनमें 4 डबल हेडर शामिल हैं। 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में अपना पहला मैच खेलेगी।

वहीं चेन्नई सुपर किंग्स 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुवाहाटी में अपने अभियान की शुरूआत करेगी। ऋतुराज गायकवाड की कप्तानी वाली सीएसके में संजू सैमसन पहली बार खेलते दिखेंगे। वे टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे।

**दूसरे फेज का शेड्यूल चुनाव तारीखों के ऐलान के बाद जारी होगा-** आईपीएल के दूसरे फेज का शेड्यूल 5 राज्यों में होने वाले चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद जारी किया जाएगा। 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद जब भी देश में आम चुनाव (2009, 2014, 2019 और 2024) या किसी राज्य में विधानसभा चुनाव हुए हैं, तब टूर्नामेंट का शेड्यूल दो हिस्सों में जारी किया गया है।

**2 दिन टली ओपनिंग-** देश के 5 राज्यों में चुनाव के कारण आईपीएल के ओपनिंग मैच को 2 दिन बढ़ाया गया है। पहले लीग की शुरूआत 26 मार्च को होनी थी, लेकिन अब लीग 28 मार्च को होगी। विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में 4 ऐसे प्रमुख स्टेडियम हैं। जहां आईपीएल के मैच होने हैं। तमिलनाडु के चेन्नई स्थित एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) चेन्नई सुपर किंग्स का होम ग्राउंड है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित ईडन गार्डन्स कोलकाता नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान है, जबकि असम के गुवाहाटी में बना बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स का सेकेंड होम वेन्यू रहा है।

### आरसीबी ने जीता था पिछले सीजन का खिताब

- बेंगलुरु की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु डिफेंडिंग चैंपियन है, इसलिए परंपरा के अनुसार टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच, क्वालिफायर-2 और फाइनल मुकाबला उसी के होमग्राउंड एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रखा गया है। आरसीबी ने पिछले सीजन के फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर पहली बार आईपीएल खिताब जीता था।
- **विक्ट्री परेड में 11 लोगों की जान गई थी-** 4 जून 2025 को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी की आईपीएल जीत का जश्न मनाते समय भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई और 33 से अधिक लोग घायल हो गए।

## भारतीय फ्रेंचाइजी सनराइजर्स लीड्स ने पाकिस्तानी क्रिकेटर को खरीदा



### अबरार अहमद पर काव्या मारन ने 2.34 करोड़ की बोली लगाई, द हंड्रेड लीग में खेलेंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लंदन**

भारतीय मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी सनराइजर्स लीड्स ने गुरुवार को पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अबरार अहमद पर बोली लगाई। सनराइजर्स की सीईओ काव्या मारन ने खुद उन्हें 1.90 लाख पाउंड (करीब 2.34 करोड़ रुपए) में खरीदा। इसी के साथ अबरार 21 जुलाई से शुरू हो रही द हंड्रेड लीग में किसी भारतीय मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी से जुड़ने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गए। भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण रिश्तों के कारण आईपीएल फ्रेंचाइजियों ने 2009 के बाद से किसी पाकिस्तानी खिलाड़ियों को साइन नहीं किया है। चेन्नई की मीडिया कंपनी सन ग्रुप ने पिछले साल नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स में पहले 49% हिस्सेदारी ईसीबी से और बाकी 51% यॉर्कशायर काउंटी क्लब से करीब 10 करोड़ पाउंड में खरीदी थी। इसके बाद टीम का नाम बदलकर सनराइजर्स लीड्स रखा गया। सन ग्रुप आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद और एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप की भी मालिक है, लेकिन इन टीमों में अभी कोई पाकिस्तानी खिलाड़ी नहीं है। इस नीलामी में बिकने वाले दूसरे पाकिस्तानी खिलाड़ी मिस्ट्री स्पिनर उस्मान तारिक रहे, जिन्हें बर्मिंघम फीनिक्स ने 1.40 लाख पाउंड (लगभग 1.72 करोड़ रुपए) में खरीदा। हालांकि, पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर सैम अयूब अनसोल्ड रहे।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









पश्चिम एशिया में

## तनाव के बावजूद सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारत की अर्थव्यवस्था



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नोमुरा के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की अर्थव्यवस्था लगभग 7% की दर से बढ़ सकती है। हालांकि लंबे समय तक तनाव रहने पर ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति पर दबाव बढ़ सकता है।

दिग्गज जापानी निवेश बैंक नोमुरा ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की अर्थव्यवस्था करीब सात प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। हालांकि बैंक ने चेतावनी दी है कि क्षेत्रीय संघर्ष भारत के तथाकथित गोल्डीलॉक्स आर्थिक दौर के लिए एक बड़ी परीक्षा साबित हो सकता है।

**ऊर्जा की कीमतों और आपूर्ति पर बढ़ सकता है दबाव-** नोमुरा की भारत और एशिया (जापान को छोड़कर) की मुख्य अर्थशास्त्री सोनल वर्मा और अर्थशास्त्री ऑरोदीप नंदी की रिपोर्ट के अनुसार, अगर पश्चिम एशिया में तनाव लंबे समय तक बना रहता है तो ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

**जीडीपी ग्रोथ को लेकर क्या है अनुमान-** रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2027 के लिए चालू खाता घाटा के अनुमान को 0.4 प्रतिशत बढ़ाकर जीडीपी के 1.6 प्रतिशत तक किया गया है। वहीं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई का अनुमान 0.7 प्रतिशत बढ़ाकर 4.5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही जीडीपी वृद्धि अनुमान में मामूली कटौती करते हुए इसे 7.1 प्रतिशत से घटाकर 7.0 प्रतिशत कर दिया गया है।

### सरकार का दावा- एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह नियंत्रण में, नहीं होगी कोई किल्लत

# ढाई दिन में मिलेगा सिलिंडर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है और सरकारी उपायों से एलपीजी उत्पादन में 25% की भारी वृद्धि हुई है। सरकार ने बताया है कि देश में गैस आपूर्ति सामान्य है और उपभोक्ताओं को महज ढाई दिन में सिलिंडर की आपूर्ति की जा रही है, इसलिए किसी पैनिक बुकिंग की जरूरत नहीं है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बिना किसी बाधा के और पूरी तरह से सुरक्षित रूप से जारी है। घरेलू उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद ढाई दिनों में सिलिंडर मिल जा रहा है और यह डिलिवरी की सामान्य साइकिल है। मंत्रालय ने देशवासियों से अपील की है कि वे एलपीजी सिलिंडर की किल्लत की किसी भी प्रकार की आशंका के चलते 'पैनिक बुकिंग' बिल्कुल न करें। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक ब्रीफिंग में पत्रकारों को बताया कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है।

उन्होंने कहा, फीडबैक से पता चलता है कि गलत जानकारी के कारण कुछ लोग घबराकर सिलिंडर बुक करा रहे हैं और जमाखोरी कर रहे हैं। मैं साफ करना चाहती हूं कि घरेलू एलपीजी की हमारी सामान्य डिलीवरी साइकिल लगभग ढाई दिन की है, इसलिए मैं अनुरोध करती हूं... ग्राहकों को सिलिंडर बुक कराने के लिए जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है... घबराकर बुकिंग कराने की कोई जरूरत नहीं है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि दो एलएनजी कार्गो भारत की ओर चल पड़े हैं। कुछ ही दिनों में देश पहुंच जाएंगे। हमारी रिफाइनरी अधिकतम क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। कुछ रिफाइनरी 100% से अधिक की क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि देश की ऊर्जा सुरक्षा पूरी तरह मजबूत है, लेकिन अफवाहों के चलते हो रही 'पैनिक बुकिंग' को रोकने के लिए ही सरकार ने एलपीजी सिलिंडर की बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। जानिए पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से और क्या-क्या बताया गया?



### दो बुकिंग के बीच के अंतर को 21 से बढ़ाकर 25 दिन किया गया

- मंत्रालय ने साफ किया है कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स पूरी तरह से सामान्य और सुचारू तरीके से काम कर रहे हैं। वर्तमान में घरेलू परिवारों के लिए एलपीजी सिलिंडर का सामान्य डिलीवरी चक्र मात्र ढाई दिन पर स्थिर बना हुआ है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद अधिकतम ढाई दिन में सिलिंडर मिल जा रहा है। इसके साथ ही, सरकारी नीतिगत उपायों के सकारात्मक परिणामस्वरूप तरलीकृत पेट्रोलियम गैस के उत्पादन में 25% वृद्धि दर्ज की गई है।
- पेट्रोलियम मंत्रालय ने आम उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है कि गैस आपूर्ति की कोई कमी नहीं है, इसलिए बाजार में किसी भी प्रकार की घबराहट या पैनिक बुकिंग करने की कोई आवश्यकता नहीं है। शर्मा ने बताया कि मांग को मैनेज करने के लिए अस्थायी तौर पर दो एलपीजी बुकिंग के बीच के न्यूनतम अंतर को 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। डिस्ट्रीब्यूटर स्तर पर गैस की हेराफेरी रोकने के लिए 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' (डीएसी) सिस्टम लागू किया गया है।

### एलपीजी पर

**घरेलू उत्पादन बढ़ाः** हालांकि भारत अपनी एलपीजी जरूरत का 60% आयात करता है (जिसका 90% होर्मुज जलडमरूमध्य से आता है), लेकिन मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए घरेलू छढक्रॄ उत्पादन में 25% की वृद्धि की गई है और यह पूरा हिस्सा घरेलू उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है।

**कीमतों पर नियंत्रणः** दिल्ली में घरेलू एलपीजी सिलिंडर की मौजूदा कीमत 60 रुपये की बढ़ोतरी के बाद 913 रुपये है। शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छढक्रॄ के दाम 41% बढ़े हैं, लेकिन सरकारी मदद के कारण उज्ज्वला (पीएमयूवाई) लाभार्थियों के लिए कीमतें 32% कम हुई हैं। तेल कंपनियों को नुकसान से बचाने के लिए 30,000 करोड़ रुपये के मुआवजे को मंजूरी दी गई है।

### प्राकृतिक गैस पर

- भारत में प्रतिदिन लगभग 189 मिलियन मीट्रिक स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर नेचुरल गैस की खपत होती है, जिसमें 97.5 एमएमएससीएमडी घरेलू स्तर पर पैदा होती है।
- आयात की जाने वाली करीब 47.44 एमएमएससीएमडी गैस की सप्लाई बाहरी कारणों से प्रभावित हुई है।
- कंट्रोल ऑर्डर लागू: इससे निपटने के लिए सरकार ने 9 तारीख को 'नेचुरल गैस कंट्रोल ऑर्डर' जारी किया है। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को बचाने के लिए रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल यूनिट्स की गैस सप्लाई में 35% की कटौती की जाएगी। वैकल्पिक रास्तों से गैस मंगवाई जा रही है और दो एलएनजी कार्गो भारत के रास्ते में हैं।

### कच्चे तेल की आपूर्ति और ऊर्जा सुरक्षा

- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि देश की ऊर्जा और ईंधन जरूरतों को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए मंत्रालय द्वारा आपूर्ति शृंखला को निरंतर और स्थिर बनाए रखा जा रहा है।
- मंत्रालय के अनुसार, राज्य सरकारों को ईंधन की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए निवारक कार्रवाई करने को कहा गया है। उन्होंने कहा, भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है। हमारी दैनिक खपत लगभग 55 लाख बैरल है...विविध खरीद के माध्यम से, हमने आज जो मात्रा सुरक्षित की है, वह इस अवधि के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से सामान्य रूप से आने वाली मात्रा से अधिक है।
- भारत लगभग 40 देशों से कच्चे तेल का आयात करता है। उन्होंने आगे कहा कि तेल विपणन कंपनियों ने विभिन्न स्रोतों से कच्चे तेल के कई कार्गो हासिल कर लिए हैं और इस विविधीकरण के परिणामस्वरूप, भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 70 प्रतिशत अब होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर के मार्गों से आ रहा है, जबकि पहले यह लगभग 55 प्रतिशत था। शर्मा ने कहा, आज जब मैं आपसे बात कर रहा हूं, तो लगभग दो एलएनजी कार्गो भारत के लिए रवाना हो रहे हैं, और वे कुछ ही दिनों में पहुंच जाएंगे, जिससे देश में कच्चे तेल की आपूर्ति की स्थिति और मजबूत होगी।

### पश्चिम एशिया तनावः आईईए का ऐतिहासिक फैसला

# बाजार में उतारेगा 40 करोड़ बैरल आपातकालीन तेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में संकट के बीच आईईए की ओर से 40 करोड़ बैरल आपातकालीन तेल जारी करने के ऐतिहासिक फैसले और भारत की अर्थव्यवस्था, महंगाई व रुपये पर इसके प्रभाव के बारे में विस्तार से पढ़ें।

पश्चिम एशिया में गहराते संकट और ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक तनाव के बीच, इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए एक अभूतपूर्व कदम उठाया है। आपूर्ति बाधित होने की बढ़ती आशंकाओं के मद्देनजर, आईईए के सभी 32 सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से अपने आपातकालीन भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी करने का फैसला किया है।

**अब तक का सबसे बड़ा 'ऑयल रिलीज'-** यह ऐतिहासिक फैसला आईईए के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा कदम है। इससे पहले 2022 में, जब रूस ने यूक्रेन पर पूर्ण स्तर का आक्रमण किया था, तब एजेंसी के सदस्य देशों ने बाजार में 18.2 करोड़ बैरल तेल उतारा था। वर्तमान फैसला पिछले रिकॉर्ड के दोगुने से भी अधिक है। इस अभूतपूर्व कदम पर आईईए के कार्यकारी निदेशक फातिह बिरोल ने कहा, ₹तेल बाजार जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है, वे अभूतपूर्व स्तर की हैं, इसलिए मुझे खुशी है कि आईईए के सदस्य देशों ने इतने बड़े पैमाने पर सामूहिक आपातकालीन कार्रवाई की है₹।




**होर्मुज जलडमरूमध्य और आपूर्ति का डर-** यह रणनीतिक निर्णय ऐसे समय में आया है जब ईरान से जुड़ा संघर्ष मध्य पूर्व से तेल की सुरक्षित आवाजाही को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर रहा है। मध्य पूर्व विश्व के कच्चे तेल निर्यात का एक बहुत बड़ा हिस्सा कवर करता है। वैश्विक बाजार की नजरें विशेष रूप से 'होर्मुज जलडमरूमध्य' पर टिकी हैं, जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल ट्रांजिट चोकप्वाइंट्स में से एक है। दुनिया के कुल पेट्रोलियम आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा हर दिन इसी संकरे जलमार्ग से होकर गुजरता है। यहां टैंकरों के आवागमन में कोई भी बाधा वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भारी अस्थिरता ला सकती है।

### भारत के लिए इसके मायने और आर्थिक प्रभाव

दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक देश के रूप में, भारत अपनी घरेलू ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए कच्चे तेल के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है, इसलिए इन वैश्विक घटनाक्रमों पर भारत में करीब से नजर रखी जा रही है। इस भू-राजनीतिक संकट के कारण भारत पर निम्नलिखित प्रभाव पड़ सकते हैंः

**आयात बिल और मुद्रास्फीतिः** कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भारत के आयात बिल को बढ़ा सकती हैं, जिससे घरेलू स्तर पर मुद्रास्फीति पर दबाव बनेगा।

**रुपये पर दबावः** आयात लागत बढ़ने से डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये पर भी दबाव पड़ सकता है।

**भारत की रणनीतिक तैयारीः** वैश्विक आपूर्ति में किसी भी अचानक रुकावट के दौरान बफर प्रदान करने के लिए, भारत ने विशाखापत्तनम, मंगलुरु और पाडुर में अपनी खुद की भूमिगत रणनीतिक पेट्रोलियम भंडारण सुविधाएं स्थापित की हैं। ईरान संघर्ष के कारण आपूर्ति शृंखलाओं और उत्पादन पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन कर रहे ट्रेडर्स के बीच हाल के हफ्तों में तेल की कीमतें अस्थिर बनी हुई हैं।

### जानिए क्या कह रहे सरकार के आंकड़े

# खुदरा महंगाई दर फरवरी में 3.21 प्रतिशत पर पहुंची

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

क्या ईरान-इस्राइल युद्ध से भारत में और बढ़ेगी महंगाई? जानिए फरवरी में खुदरा महंगाई दर 3.21% पर क्यों पहुंची। ताजा वैश्विक हालात का आम आदमी की जेब पर क्या असर हो सकता है। पढ़ें पूरी रिपोर्ट।

पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट और वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं के बीच भारत के लिए एक और चिंता वाली खबर है। फरवरी महीने में देश की खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.21% हो गई है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में दर्ज की गई है जब ईरान, इस्राइल और अमेरिका के बीच चल रहे विवाद ने वैश्विक तेल सप्लाई को लेकर खतरे की घंटी बजा दी है।

जनवरी में खुदरा महंगाई दर यानी सीपीई 2.75% थी, जो फरवरी में बढ़कर 3.21% हो गई है। यह बढ़ोतरी शहरों के मुकाबले गांवों में ज्यादा महसूस की जा रही है। फरवरी में ग्रामीण महंगाई दर 3.37% और शहरी महंगाई दर 3.02% दर्ज की गई। राहत की बात सिर्फ इतनी है कि यह आंकड़ा अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4% के लक्ष्य से नीचे है।

सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार देश में महंगाई बढ़ने का सबसे बड़ा कारण खाने-पीने की चीजें हैं। फरवरी में खाद्य महंगाई दर तेजी से उछलकर 3.47% हो गई है, जो जनवरी में 2.13% थी। आम आदमी के लिए रहना और खाना लगातार महंगा होता जा रहा है। हाउसिंग की बात करें तो महंगाई 2.05% से बढ़कर 2.12% हो गई है। ईंधन और लाइट कैटेगरी में महंगाई दर 0.14% रही। स्वास्थ्य सेवाओं की महंगाई 2.19% से गिरकर 1.90% पर आ गई है। वहीं कपड़े और जूतों की महंगाई दर भी जनवरी के 2.98% से घटकर 2.81% रह गई है।

ईरान संकट के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के पास व्यापारिक जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जहां से दुनिया का लगभग 20% तेल व्यापार गुजरता है।

## गैस के लिए दहशत फैलाने वाले सचेत हो जाएं : मोदी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को रसोई गैस (एलपीजी) को लेकर दहशत फैलाने वालों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा, ऐसे लोग न केवल जनता के सामने खुद को बेनकाब कर रहे हैं बल्कि देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

राजधानी में आयोजित एनएक्सटी समिट में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट से कोई भी देश अछूता नहीं है। केंद्र सरकार ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग मौजूदा हालात का फायदा उठाकर कुछ उत्पादों की कालाबाजारी करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि संघर्ष से उत्पन्न मौजूदा संकट से निपटने में हर किसी की महत्वपूर्ण भूमिका है- चाहे वह राजनीतिक दल हों, मीडिया हो, युवा हों, शहर हों या गांव हों।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार देर रात ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से फोन पर बात की। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट कर यह जानकारी दी।

### पीएनजी की सप्लाई जारी रहेगी : आईजीएल

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने कहा है कि मध्य-पूर्व में संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस और कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की सप्लाई बाधित नहीं होगी। आईजीएल ने बयान में कहा कि वह सरकार के निर्देशों के अनुसार घरों में खाना बनाने के लिए पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### होर्मुज से पोतों की निकासी के लिए भारत ने कूटनीतिक प्रयास तेज किए

# ईरान के शीर्ष नेतृत्व से संपर्क की कोशिश में भारत, पर्दे के पीछे अन्य चैनल भी सक्रिय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में एलपीजी संकट की आहट के साथ ही भारत ने होर्मुज जलमार्ग से अपने पोतों की निकासी के लिए ईरान के साथ कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं।

इस मिशन में विदेश मंत्री जयशंकर तो जुटे ही हैं, पर्दे के पीछे अन्य चैनलों को भी सक्रिय कर दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में रूस की भी मदद ली जा रही है जो भारत के साथ ही ईरान का भी करीबी देश है।

### भारतीय पोतों को निकालने की कोशिश

विदेश मंत्रालय से जुड़े सूत्रों ने कहा कि भारत की कोशिश यह है कि होर्मुज जलमार्ग पर फंसे भारतीय पोतों को निकाला जाए। इसका आधिकारिक अनुरोध ईरान से किया गया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को ईरानी विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची से बातचीत के दौरान स्पष्ट तौर पर इस मुद्दे को रखा। हालांकि भारत इस मुद्दे को समग्रता से भी उठा रहा है कि किसी भी वाणिज्यिक पोत को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए क्योंकि यह देशों की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। कूटनीतिक प्रयास में भारत की कोशिश है कि जिस प्रकार ईरान ने रूस और चीन के जाने वाले पोतों को होर्मुज से निकलने देने का ऐलान किया है, वैसे ही भारत को भी अनुमति प्रदान करे।

### भारत स्थितियों का आकलन कर रहा

सूत्रों ने कहा कि भारत ईरान-इजरायल युद्ध के बाद उत्पन्न स्थितियों और उनके प्रभावों का भी अध्ययन कर रहा है जिसके चलते माना जा रहा है कि ईरान इस मामले में भारत के रुख से संतुष्ट नहीं है। हालांकि सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि भारत का रुख इस प्रकरण में तटस्थ जरूर है लेकिन उसने वे सभी कदम उठाए हैं जो जरूरी समझे। उदाहरण के तौर पर ईरान के तीन पोतों ने भारत में लंगर डालने की अनुमति मांगी जिसे भारत ने तत्काल प्रदान किया। लेकिन उसका एक पोत लवण भारत पहुंचा जो आज भी कोच्चि में मौजूद है तथा उसके सभी 183 नाविक सुरक्षित हैं। हालांकि बाकी दो पोत भारत नहीं पहुंचे। ईरान ने इसके लिए भारत का आभार भी व्यक्त किया है। इसी प्रकार ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई के निधन पर पांच दिन बाद शोक व्यक्त करने जाने पर भी सरकार ने सफाई दी है। उसका तर्क है कि ईरान दूतावास में 5 मार्च को ही कंडोलेंस बुक खोली गई थी और भारत सबसे पहले वहां पहुंचा था। जयशंकर की ईरानी विदेश मंत्री की तीन बार बात हुई।



### होर्मुज जलमार्ग पर 28 पोत कई दिनों से फंसे

सूत्रों के अनुसार भारत-ईरान के शीर्ष नेतृत्व से संपर्क साधने की कोशिश कर रहा है। इसमें रूस की भी मदद ली जा रही है। इस बीच बुधवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री से भी बात की है, इस बातचीत को भी ईरान के साथ बातचीत के लिए कूटनीतिक प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। इसके अलावा तेहरान में भारतीय दूतावास भी ईरान के साथ संपर्क में है। समझा जाता है कि अगले कुछ दिनों में ईरान के शीर्ष नेतृत्व से संपर्क स्थापित हो सकता है। उसके बाद ही होर्मुज से भारत के लिए तेल और एलपीजी ला रहे पोतों के निकलने की संभावना है। वहां 28 पोत पिछले कई दिनों से फंसे हुए हैं।

## होर्मुज के रास्ते तेल लेकर सुरक्षित मुंबई पहुंचा पोत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबइ

ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जंग शुरू होने के बाद होर्मुज जलमार्ग से पहली बार सऊदी अरब से कच्चा तेल लेकर पोत ह्यशेनलोंग सुएजमैक्सह्न मुंबई बंदरगाह पहुंच गया है। लाइबेरिया ध्वज वाला यह टैंकर 1,35,335 मीट्रिक टन से ज्यादा सऊदी क्रूड ऑयल लेकर बुधवार को मुंबई पहुंचा।

पोत का मुंबई पहुंचना भारत के लिए राहत की बात है, क्योंकि हॉर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव और हमलों के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति लगभग ठप है। टैंकर ने एक मार्च को सऊदी अरब के रास तनुरा बंदरगाह से कच्चा तेल लादा था और तीन मार्च को वहां से रवाना हुआ था। आठ मार्च को यह पोत हॉर्मुज जलडमरूमध्य में देखा गया था, जिसके बाद यह अस्थायी रूप से ट्रैकिंग सिस्टम से ओझल हो गया था। जलडमरूमध्य के अत्यधिक खतरे वाले क्षेत्र में नेविगेट करते समय टैंकर ने ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम ट्रांसपोंडर बंद कर दिया था। 9 मार्च को यह फिर से ट्रैकिंग सिस्टम पर दिखाई दिया। पोत बुधवार की दोपहर 1 बजे मुंबई बंदरगाह पहुंचा।

### विपक्ष महाभियोग प्रस्ताव को लेकर आज देने वाला है नोटिस

# सीईसी के खिलाफ 193 सांसदों ने किए हस्ताक्षर

### हस्ताक्षर करने वाले सांसदों में इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के अलावा आप सांसद भी शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के नोटिस पर 193 विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। अब यह नोटिस शुक्रवार को लोकसभा या राज्यसभा में से किसी भी एक सदन में दिया जा सकता है।

विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने प्रस्ताव के प्रति समर्थन जताते हुए हस्ताक्षर किए।

### 150 सांसदों के हस्ताक्षर की अनिवार्य संख्या पहले ही पूरी

गुरुवार को भी कई सांसद हस्ताक्षर के लिए आगे आए, जबकि 150 सांसदों के हस्ताक्षर की अनिवार्य संख्या पहले ही पूरी हो चुकी थी। सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को नोटिस जमा कर दिया जाएगा। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इसे पहले किस सदन में लाया जाएगा। जानकारी के अनुसार, हस्ताक्षर करने वाले सांसदों में इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के अलावा आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद भी शामिल हैं। आप अब गठबंधन का हिस्सा नहीं है।



### नोटिस में ज्ञानेश कुमार पर सात आरोप लगाए गए

एक उच्चस्तरीय सूत्र ने बताया कि नोटिस में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सात आरोप सूचीबद्ध किए गए हैं। इनमें दलगत भेदभाव का बर्ताव करना, चुनावी धोखाधड़ी की जांच में रुकावट डालना और बड़े पैमाने पर मतदाताओं को वोट के अधिकार से रोकना जैसे आरोप शामिल हैं। बता दें कि विपक्षी दल कई बार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और अन्य मुद्दों को लेकर सीईसी पर सत्तासीन भाजपा की मदद का आरोप लगाते रहे हैं।

### टीएमसी ने कहा, विपक्ष पूरी तरह एकजुट

तृणमूल कांग्रेस सांसद सौगत रॉय ने सदन में इस मुद्दे पर विपक्ष एकजुट है। उम्मीद जताई कि सीईसी को हटाने के लिए लाया जा रहा प्रस्ताव सदन में पारित हो जाएगा। वहीं, समाजवादी पार्टी सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि इस प्रस्ताव पर पार्टी तृणमूल कांग्रेस के साथ है।

### सवैधानिक संस्थाओं पर विपक्ष को भरोसा नहीं

केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस शीर्ष अदालत और चुनाव आयोग पर सवाल उठा रही है। कहा कि अगर विपक्ष को भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं है, तो वे किस आधार पर यहां चुनाव लड़ते हैं। तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष को उस देश में जाकर चुनाव लड़ लेना चाहिए, जहां के चुनाव आयोग को वे मानते हैं।


## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार जीवन चौधरी एवं जितेन्द्र चौधरी पुत्रगण कैलाश चौधरी दोनों निवासी ग्राम नानाखेडी तहसील व जिला उज्जैन द्वारा दी गई जानकारी एवं निदेर्शानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि सर्वे नंबर 331 रकबा 2.90 हे. सर्वे नंबर 68/1/2 रकबा 0.50 हे. सर्वे नंबर 278/370/1 रकबा 0.05 हे. सर्वे नंबर 340/1 रकबा 1.00 हे. सर्वे नंबर 342 रकबा 0.29 हे. सर्वे नंबर 66 रकबा 0.63 हे. स्थित ग्राम नानाखेडी तहसील व जिला उज्जैन एवं एक मकान जो कि उक्त भूमि में 5 बीस्वा भूमि पर बना हुआ है के संबंध में कैलाश चौधरी पिता स्व. रामसिंह चौधरी, मंगल चौधरी कथित पुत्र कैलाश चौधरी दोनों निवासी ग्राम नानाखेडी तहसील व जिला उज्जैन एवं निर्मला चौधरी पति मुकेश कथित पुत्री कैलाश चौधरी के विरूद्ध घोषणात्मक सहायता, बंटवारा, कब्जा दिलाये जाने एवं स्थाई निषेधाज्ञा का वाद प्रस्तुत किया है, जो माननीय ग्यारहवें सिविल जज कनिष्ठ खण्ड उज्जैन के न्यायालय में प्रकरण क्रमांक 394/2025 आरसीएसए पर दर्ज होकर विचाराधीन है और उसमें उक्त कैलाश आदि ने अपनी उपस्थिति दे दी है। मेरे पक्षकार को ऐसी जानकारी मिली है कि उक्त प्रकरण में अस्थाई निषेधाज्ञा का आवेदन निरस्त होने को आधार बनाकर उक्त कैलाश आदि उक्त भूमि एवं मकान को विक्रय करने के प्रयास में है, जबकि उक्त भूमि एवं मकान पर वाद विचाराधीन है। ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक उक्त भूमि एवं मकान को न तो क्रय करे और नाही रहन आदि रखे। यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक द्वारा उक्त भूमि को क्रय किया जाता है अथवा रहन आदि रखा जाता है तो ऐसा संव्यवहार शून्य एवं प्रभावहीन होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा और ऐसे संव्यवहार के लिये मेरे पक्षकार संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करेंगे, जिसके होने वाले समस्त हर्जे, खर्चे एवं परिणमों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित का होगा। सूचित हो। इति। दिनांकः 12/3/2026

**अमित कुमार व्यास एडव्होकेट**
**12. ब्राहम्णगली, बहादुरगंज, उज्जैन**
**मो. 6269211110**

## तेल ठिकानों पर ईरान के ताबड़तोड़ हमले

# यूएई के शेबार तेल संयंत्र को ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश नाकाम, इजरायल ने मिसाइल और बम बरसाए

ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान

दुनिया भर में गहराते ईंधन संकट के बीच ईरान ने गुरुवार को मध्य पूर्व के तेल ठिकानों को तबाह करने की मंशा से ताबड़तोड़ हमले किए। वहीं इजरायल ने तेहरान और लेबनान में आक्रामक तरीके से मिसाइल और बम बरसाए। ईरानी हमलों के चलते मध्यपूर्व में कई तेल संयंत्रों को बंद कर दिया गया है।

ईरान ने यूएई के शेबार तेल क्षेत्र को निशाना बना ड्रोन से हमला किया जिसे समय रहते मार गिराया गया। दुबई में तट पर कंटेनर पोत पर हमला किया। फारस की खाड़ी में बसरा बंदरगाह के पास दो तेल टैंकरों पर हमले के बाद इराक ने अपने सभी तेल टर्मिनल को बंद कर दिया है। इराक के तेल संगठन सोमो ने बताया कि मार्शल आयलैंड और सेफसी विष्णु को निशाना बनाकर हमला किया गया है। ईरान ने कुवैत में भी तेल ठिकानों को निशाना बनाकर ड्रोन हमला किया। इसी तरह बहरीन के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास ड्रोन हमले में आग लग गई। दुबई क्रीक हार्बर पर ड्रोन हमले से वहां आग लग गई जिसे अग्निशमन दल ने समय रहते बुझा लिया। विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान तेल संयंत्रों को निशाना बना पूरी दुनिया को नए संकट में लाना चाहता है। जंग में अब तक 1300 ईरानी मारे गए हैं। वहीं इजरायल में 12 जबकि लेबनान में 364 लोगों की मौत हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जंग के बीच ईरान में करीब 32 लाख लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। वहीं 7.59 लाख लेबनानी सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हुए हैं। उधर कुवैत में ड्रोन से हमला हुआ जिसमें दो लोग घायल हो गए। इजरायल ने बेरूत में मिसाइल दागी जिसकी चपेट में एक कार आ गई। हमले में आठ लोगों की मौत हो गई।

### खून से भर जाएगी फारस की खाड़ी

ईरानी संसद के अध्यक्ष मो. बघेर कालीबफ ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान के द्वीपों पर किसी भी तरह का हमला किया गया तो फारस की खाड़ी हमलावरों के खून से भर जाएगी।

### ईरान के परमाणु केंद्र पर इजरायल का अटैक

इजरायल ने ईरान के दक्षिणपूर्व तेहरान में स्थित परमाणु हथियार निर्माण केंद्र तालेघन को निशाना बनाया है। इजरायली सेना ने बताया कि ये केंद्र ईरान के परमाणु हथियार बनाने का अहम स्थल है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार इस केंद्र पर अमाद प्रोजेक्ट के तहत घातक परमाणु हथियार निर्माण के लिए नए- नए प्रयोग होते हैं।

### तेहरान और लेबनान एक साथ दहले

ईरानी हमलों के जवाब में इजरायल ने तड़के तेहरान और लेबनान के कई ठिकानों पर मिसाइल और भारी भरकम बम गिराया। इसेना ने हिज्बुल्ला के 11 लड़ाकों को मार गिराया है। तेहरान के कई अहम ठिकानों को निशाना बनाकर सैन्य कार्रवाई की गई। इसमें सैन्य ठिकानों के साथ ऐसे स्थल हैं जहां से ईरान लगातार हमले कर रहा है।

जंग के बीच करीब 19 वाणिज्यिक पोत को क्षति पहुंची है। फारस की खाड़ी में बुधवार देर रात 16 टैंकरों पर ईरान ने हमला किया। अमेरिकी नौसेना के साथ काम करने वाली संस्था जॉइंट मैरीटाइम इन्फॉर्मेशन सेंटर ने ये जानकारी दी। इराक के बसरा में दो पोत, यूएई में एक और सऊदी में एक टैंकर पर हमला हुआ।



## तेहरान के खिलाफ हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई : ट्रंप

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन



ईरान से जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि हमारी कार्रवाई अभी खत्म नहीं हुई है। दुनिया की तेल कंपनियों को टैंकर निकालने के लिए हॉर्मुज का इस्तेमाल करना चाहिए। बुधवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ईरान को इतिहास का बड़ा सैन्य झटका लगा है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान दुनिया को 47 साल तक नुकसान पहुंचाने की बड़ी कीमत चुका रहा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इतिहास में लगभग किसी भी देश से ज्यादा ईरान को कड़ी चोट पहुंचाई है और ये सिलसिला जारी है। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका जो सैन्य अभियान ईरान में चला रहा वैसा ऑपरेशन दुनिया के किसी देश ने पहले नहीं देखा।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने सिर्फ एक रात में ईरान के लगभग सभी माइन बिछाने वाली जहाजों को नष्ट कर दिया है। ईरानी नौसेना और वायुसेना खत्म हो चुकी है। अमेरिकी सेना ईरान को कड़ा सबक सिखा रही है। उधर, अमेरिका के ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी सेना होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले तेल टैंकरों को सुरक्षा देने के लिए तैयार नहीं हैं, क्योंकि उसकी पूरी सैन्य शक्ति ईरान पर हमले करने में केंद्रित है।

### परमाणु कार्यक्रम रोकना तेल कीमतों से ज्यादा जरूरी

डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि तेल की बढ़ती कीमतों को रोकने से ज्यादा जरूरी ईरान के परमाणु कार्यक्रम को स्थायी रूप से समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए राष्ट्रपति के रूप में एक दुष्ट साम्राज्य ईरान को परमाणु हथियार रखने से रोकना है और मध्य पूर्व और वास्तव में पूरी दुनिया को नष्ट होने से बचाना है। उन्होंने कहा कि हम इसके लिए निरंतर काम कर रहे हैं।

### ईरानी शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक मारे गए

**दुबई।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दावा किया कि इजरायली हमलों में ईरान के शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। उन्होंने ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह मोजतबा खामेनेई की कड़ी आलोचना की। उन्होंने मोजतबा को ईरानी सेना का कठपुतली करार दिया। कहा कि वे सार्वजनिक रूप से सामने आने में असमर्थ हैं।

## बिना इजाजत होर्मुज से गुजरना खतरनाक होगा

ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान

आईआरजीसी ईरान के नौसेना के कमांडर अलीरेजा तांगसिरी ने स्पष्ट कहा है कि जो भी पोत स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरना चाहता है उसे ईरान से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति कोई चलने की कोशिश करता है तो धमाके में उड़ाया जा सकता है।

नौसेना के कमांडर अलीरेजा तांगसिरी ने कहा कि बुधवार को दो पोत एक्सप्रेस रोम और मयूरी- नारी ने यही गलती की और वे ईरानी सेना का निशाना बन गए। इसी तरह ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने फारस की खाड़ी में सख्ती बढ़ा दी है।

आईआरजीसी ने कहा है कि उसने कई अंतरराष्ट्रीय पोतों को निशाना बनाया है। जल मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में कोई भी हरकत नहीं होने वाला क्षेत्र घोषित कर दिया है। ईरान के सरकारी चैनल प्रेस टीवी ने फारस की खाड़ी और होर्मुज की एक डॉक्यूमेंट्री एक्स पर साझा की है। इसमें कई पोत दिखाए गए हैं जो पूरी तरह शांत खड़े हैं, इसमें दिखाया गया है कि अगर वे कुछ मीटर भी हिलते हैं तो आईआरजीसी उन्हें निशाना बना सकता है। वीडियो में बासीज फोर्सेज के सदस्य समुद्र में स्पीडबोट चलाते दिख रहे हैं। इन्हें फारस की खाड़ी का रक्षक कहा जाता है।

# मध्य पूर्व देशों पर तत्काल हमले रोके ईरान

## सुरक्षा परिषद के 15 में 13 सदस्यों ने बहरीन की ओर से पेश प्रस्ताव के पक्ष में किया मतदान

ब्रह्मास्त्र ›› न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 130 से अधिक देशों के साथ बुधवार को उस प्रस्ताव का समर्थन किया जिसमें खाड़ी देशों और जॉर्डन के खिलाफ ईरान के हालिया भीषण हमलों की निंदा की गई है। सुरक्षा परिषद ने ईरान से हमले तुरंत रोकने और समुद्री व्यापारिक रास्तों को बाधित न करने की मांग की है।

यह प्रस्ताव ईरान के हमलों की निंदा करता है और शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता है। इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय समुद्री परिवहन को अवरुद्ध करने, बाधित करने या हस्तक्षेप करने की ईरान की किसी भी कार्रवाई या धमकी की कड़ी निंदा की गई है। सुरक्षा परिषद के 15 में 13 सदस्यों ने बहरीन की ओर से पेश किये गये इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। किसी भी देश ने इसके खिलाफ मतदान नहीं



किया, जबकि चीन और रूस ने मतदान में भाग नहीं लिया। इस प्रस्ताव का भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान, पाकिस्तान, सऊदी अरब, ब्रिटेन और अमेरिका सहित 130 से अधिक देशों ने सह-प्रायोजन किया। कुल 135 सह-प्रायोजकों के साथ, प्रस्ताव ने बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए मजबूत समर्थन दोहराया। उधर, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वॉल्ट्ज ने कहा कि यह प्रस्ताव ईरान की क्रूरता के खिलाफ खाड़ी देशों का एक स्पष्ट संदेश है।


**ईरान ने प्रस्ताव खारिज किया :** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने परिषद की इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी बताया। उन्होंने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया।


### यूएई में जमीन पर पोत और समुद्र में दिखाई जा रहीं कारें

दुबई, एजेंसी। ईरान युद्ध के कारण यूएई में लोगों के फोन और नेविगेशन सिस्टम अजीब व्यवहार कर रहे हैं। दुबई में कार ड्राइविंग करने वालों को मैप्स समुद्र के बीच में दिखा रहे हैं, जबकि विशाल तेल टैंकरों की लोकेशन रेगिस्तान में बताई जा रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार, मिसाइलों और ड्रोनों से बचने के लिए इस्तेमाल होनेवाली जैमिंग और स्पूफिंग इसके लिए जिम्मेदार हैं। जैमिंग में जीपीएस सिग्नल को इतना कमजोर या शोर भरा कर दिया जाता है कि फोन या डिवाइस सिग्नल पकड़ ही नहीं पाते। इससे मैप फ्रीज हो जाता है। स्पूफिंग उससे भी अधिक खतरनाक है। इसमें एक गलत सिग्नल भेजा जाता है जो डिवाइस को विश्वास दिलाता है कि वह कहीं और है (जैसे सड़क के बजाय समुद्र में)। इसका उपयोग दुश्मन की मिसाइलों को रास्ता भटकाने के लिए किया जाता है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. सब्जी, भाजी-4
22. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4

### ऊपर से नीचे

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | न | कर | र | ■ | ग | ज | ग | ■ |
| ला | न | ■ | नी | ■ | ज | ■ | ह | क |
| हा | ■ | या | या | व | र | ■ | ■ | ल |
| र | स | द | ■ | ध | ■ | प | ला | श |
| ■ | ■ | गु | ल | ■ | जी | त | ■ | ■ |
| क | हा | र | ■ | अ | ■ | ज्ञ | र | च |
| हा | ■ | ■ | म | ठ | जो | ड़ | ■ | प |
| नी | र | ■ | म | ■ | क | ■ | ज | ड |
| ■ | ब | द | न | ■ | र | ह | बा | र |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | 5 | | 5 | | 5 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 2 | | 2 | | 10 | = | 10 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 41 | | 2 | | 16 | = | 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | र | प | ट | र | थि | क | र | प | इ |
| न | ग | क | म | ई | ष्ठ | ने | ह | ति | म | श्त |
| अ | दा | आ | ई | र | र | अं | गा | ह | प | फ |
| हु | ग | ल | मा | ज | बा | स | रा | ह | इ | र |
| ब | क्म | अ | बु | म | लि | क | र | क | ते | मा |
| द | अ | कि | र | क | दा | क | वि | दें | श | न |
| स | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ग |
| आ | दे | श | र | न | प | य | रा | पु | ज | ला |
| अ | दि | ल | वा | ले | दा | र | जा | म | वी | दे |
| र | ज | लि | मा | हि | द | ह | ज | द | ल | र |
| बां | र | ल | प | रु | इ | जा | ज | त | र | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 3 | 29 | 6 | 37 | | 31 | 1 |
| | 2 | | | 5 | 6 | |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| | 6 | | | | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

डाकू- तुमने मुझे देखा
कलर्क- हां
डाकू ने क्लर्क को गोली मारकर एक आदमी से पूछा- तुमने कुछ देखा...
आदमी- नहीं, पर मेरी पत्नी ने देखा है, साथ में कह रही है पुलिस को भी बताएगी...

0000000000000

एक व्यक्ति दारु पी कर कार चला रहा था कार एक खम्भे से टकरा गई
पुलिस : बाहर निकल
व्यक्ति : माफ कर दो साहब जी
पुलिस : दारू पी के गाड़ी चलाता है,
व्यक्ति : अरे नहीं साहब पहले से खूब पी रखी है और कितना पिलाओगे...

00000000

पप्पू समोसे को खोलकर अंदर का मसाला ही खा रहा था।
संजू- अरे! तू पूरा समोसा क्यों नहीं खा रहा?
पप्पू- अरे मैं बीमार हूं न...
इसलिए डॉक्टर ने बहार की चीज खाने से मना किया है।

00000000

सोनू बहुत दुखी था... किसी ने पूछा क्यों टेंशन में हो...
सोनू- यार एक दोस्त को प्लास्टिक सर्जरी के लिए
2 लाख रुपए उधार दिए थे। अब उसे पहचान नहीं पा रहा हूं...।

00000000

पत्नी- शादी से पहले तुम मुझे होटल, सिनेमा और न जाने कहां-कहां घुमाते थे... शादी के बाद नहीं ले जाते...
पति- चुनाव के बाद प्रचार देखा है...

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# दावा- ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा कोमा में

# इजराइल-अमेरिकी हमले में घायल हुए थे; पिता की मौत के बाद पद संभाला


मीडिल-ईस्ट में जारी तनाव के बीच ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई के कोमा में होने का दावा किया जा रहा है। मुजतबा 28 फरवरी को इजराइल-अमेरिका की एयर स्ट्राइक में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

ब्रिटिश मीडिया द सन की रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में मुजतबा को इतनी गंभीर चोटें आई थीं कि उनका एक पैर काटना पड़ा और पेट-लिवर को भी नुकसान पहुंचा है। इसलिए वह कोमा में हैं।

मुजतबा ने अपने पिता और ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत के बाद 9 मार्च को सुप्रीम लीडर का पद संभाला था। उनकी हालत को लेकर अभी तक ईरान की सरकार की ओर से आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पजशकियान से फोन पर बात की है। इस दौरान पीएम ने मिडिल-ईस्ट के हालात पर चर्चा की। मोदी ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव, नागरिकों की मौत और सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान पर गहरी चिंता जताई।

## ईरानी सुप्रीम लीडर बोले- अमेरिकी बेस पर हमले जारी रहेंगे

ईरान के नए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने पद संभालने के बाद गुरुवार को अपना पहला बयान जारी किया। इसमें उन्होंने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि वह मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों को बंद कर दे, नहीं तो उन पर हमले जारी रहेंगे। मुजतबा ने अमेरिका और इजराइल को चेतावनी दी है कि उन्हें ईरान पर किए गए हमलों की ह्यभरपाईह्ण करनी होगी। ईरान के सरकारी टीवी पर पढ़कर सुनाए गए संदेश में खामेनेई ने कहा कि मौजूदा हालात में होर्मुज स्ट्रेट का रास्ता भी नहीं खोला जाएगा। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध लगातार तेज हो रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका और इजराइल के हमलों के पहले दिन मोजतबा खामेनेई के पैर में फ्रैक्चर हो गया था और उन्हें हल्की चोटें भी आई थीं। बताया गया कि वह उसी हवाई हमले में घायल हुए थे, जिसमें उनके पिता और पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी।



## क्या ईरान ने भारतीय जहाजों को जाने की इजाजत दी

मिडिल-ईस्ट में जारी इस संघर्ष के बीच भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों ने पिछले कुछ दिनों में तीन बार बातचीत की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। उनसे पूछा गया कि क्या ईरान ने भारत जाने वाले जहाजों को अनुमति दी है। इस पर उन्होंने कहा कि फिलहाल इस विषय पर ज्यादा कुछ कहना जल्दबाजी होगा। हाल की बातचीत में समुद्री शिपिंग की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। जायसवाल ने यह भी कहा कि भारत ने ईरान के दिवंगत नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने बताया कि विदेश सचिव ने 5 मार्च को ईरानी दूतावास में जाकर शोक-पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए थे।

### नेतन्याहू बोले- मुजतबा खामेनेई के लिए कोई लाइफ इंश्योरेंस नहीं


इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई के लिए कोई लाइफ इंश्योरेंस नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल का सैन्य अभियान उम्मीद से बेहतर चल रहा है। इजराइल आतंकी संगठनों के किसी भी नेता को निशाना बना सकता है।



## मुजतबा खामेनेई के पहले बयान की बड़ी बातें...

- ईरान पर हुए हमलों की भरपाई दुश्मन देशों को करनी होगी। हर्जाना नहीं मिला तो ईरान भी उतना ही नुकसान उनकी संपत्ति को पहुंचाएगा।
- मिडिल ईस्ट में मौजूद सभी अमेरिकी सैन्य ठिकानों को तुरंत बंद किया जाए, नहीं तो उन पर हमले जारी रहेंगे।
- ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहता है। इन देशों की जमीन पर मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डे ही निशाने पर हैं।
- दुश्मनों पर दबाव बनाने के लिए होर्मुज स्ट्रेट फिलहाल बंद रखा जाएगा।
- ईरान अपने सभी शहीदों के खून का बदला लेने की लड़ाई जारी रखेगा, चाहे वह पूर्व सुप्रीम लीडर हों या हमलों में मारे गए बच्चे।
- ईरानी सेना का धन्यवाद, उनके बलिदान ने देश को बाहरी ताकतों के कब्जे या बंटवारे से बचाया है।
- युद्ध में प्रभावित लोगों के लिए आर्थिक और अन्य तरह की मदद देने की योजनाएं बनाई जा रही हैं।
- देश के लोग मतभेद भुलाकर एकजुट रहें और इस मुश्किल दौर का मिलकर सामना करें।




## ईरान समर्थक हैकर्स के साइबर हमले का खतरा बढ़ा

ईरान से जुड़े हैकर्स मिडिल ईस्ट के साथ-साथ अमेरिका की साइट्स को भी निशाना बना रहे हैं। इससे अमेरिका के डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर्स, पावर स्टेशन और वॉटर प्लांट्स पर साइबर हमलों का खतरा बढ़ गया है। हैकर्स ने स्ट्राइकर कॉर्पोरेशन पर बड़े साइबर हमले की जिम्मेदारी भी ली है। रिपोर्ट के मुताबिक कुछ ग्रुप मिडिल ईस्ट में कैमरों को हैक कर ईरान की मिसाइल टारगेटिंग में मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। इजराइल, सऊदी अरब और कुवैत के कुछ संस्थानों को भी निशाना बनाया गया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इन हमलों का मकसद अमेरिका की युद्ध कोशिशों को कमजोर करना और कंपनियों को नुकसान पहुंचाना है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने कंपनियों और सरकारी एजेंसियों को अपने सिस्टम की सुरक्षा मजबूत करने की सलाह दी है।

**ट्रम्प बोले- मुख्य लक्ष्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना-** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान को लेकर हालात तेजी से बदल रहे हैं। अमेरिका अब वे कदम उठा रहा है जो कई दशक पहले उठाए जाने चाहिए थे। उन्होंने ईरान की सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसे इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। ट्रम्प का कहना है कि अमेरिका का मुख्य लक्ष्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की सेना दुनिया में सबसे ताकतवर है।

■ वर्ष-12 अंक-128 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 13 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

अविज्ञाय नरो धर्मं दु:खमायाति याति च।
मनुष्य जन्म साफल्यं केवलं धर्मसाधनम्।।

**भावार्थ** : जो अज्ञानी है, वही व्यक्ति धर्म को नहीं जानता, उसका जीवन व्यर्थ है और वह सदैव दुखी रहता है और जो धर्म के नियम का पालन करता है, वही व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। अपने जीवन को सुख और संपूर्णता के साथ जीता है।

धर्मस्य दुर्लभो ज्ञाता सम्यक वक्ता ततोऽपि च।
श्रोता ततोऽपि श्रद्धावान् कर्ता कोऽपि ततः सुधीः।।

**भावार्थ** : जो धर्म को जानता है वह बहुत ही विशेष और अद्भुत गुणों से भरा है और जो धर्म को अच्छी तरह से समझाता है वह और भी अद्भुत और गुणों से भरा है और जो धर्म को पूरे मन से सुनता है वह उससे भी दुर्लभ और गुणी है और जो धर्म का अनुयायी है, वह सब से अधिक अद्भुत, दुर्लभ, गुणी और बुद्धिमान है।

## जबलपुरस्य गुजराती उपनिवेशे विशालः अग्निः प्रज्वलितः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

संस्कारधनीजबलपुर-नगरस्य गुजराती-उपनिवेशस्य कुटीरस्य अन्तः सहसा प्रज्वलितः अग्निः शीघ्रमेव प्रचण्डाग्निरूपेण परिणतः। समीपस्थेषु गृहेषु अग्निः प्रसृतः। उपनिवेशे आकस्मिकः विशालः अग्निः सम्पूर्णे क्षेत्रे आतङ्कं जनयति स्म, अनेके कुटीराणि नष्टानि च। अग्निना उपनिवेशे आतङ्कः उत्पन्नः, जनाः स्वप्राणान् रक्षितुं स्वगृहात् बहिः त्वरितम् अगच्छन्। घटनायाः सूचनां प्राप्य नगरनिगमस्य अग्निशामकदलः, अधरतालपुलिसः च घटनास्थले आगताः, पर्याप्तप्रयत्नेन अग्निः नियन्त्रणे आगतवान् समाचारानुसारं गुजराती-उपनिवेशे निवसन्तः अधिकांशः परिवाराः सेकेण्ड-हैण्ड्-वस्त्र-व्यापारे संलग्नाः सन्ति। प्रभावितकुटुम्बानां गृहेषु बहुमात्रायां वस्त्राणि संगृहीताः आसन्, ये अग्नौ पूर्णतया नष्टाः अभवन्।

## सम्पादकीयम्

### कृत्रिम बुद्धि

केन्द्रसर्वकारेण डीपफेक तथा एआइ-जनितसामग्रीणां डिजिटलविनियमाः कठिनाः कृताः। प्रौद्योगिक्याः दुरुपयोगं निवारयितुं एतस्य तत्काल आवश्यकता आसीत्। हेरफेरकृताः श्रव्य-वीडियो, चित्राणि च, नकली-सामग्री च सामाजिक-सौहार्दं बाधित्वा जनसमुदायस्य देशस्य च सुरक्षायाः कृते खतराम् उत्पद्यन्ते। केन्द्रसर्वकारेण एआइ-जनितसामग्रीणां नियमाः कठिनाः भारतसर्वकारेण सूचनाप्रौद्योगिकीमध्यस्थनियमेषु संशोधनं कृत्वा एआइ-जनितसामग्री-डीपफेक-वीडियो, कृत्रिम-श्रव्यं, परिवर्तित-दृश्यं च प्रथमवारं औपचारिक-नियामक-रूपरेखायाः अन्तर्गतं कृतम् अस्ति नियन्त्रणं न उद्देश्यम्। सामाजिकमाध्यमेषु कस्यापि नियमस्य कार्यान्वयनसमये यः प्राथमिकः प्रश्नः उत्थापितः भवति सः अभिव्यक्तिस्वतन्त्रतायाः प्रश्नः अस्ति, यत् सर्वकारः कियत्पर्यन्तं निरीक्षणं कर्तुं शक्नोति। अस्मिन् विषये नूतनाः नियमाः महत्त्वपूर्णाः सन्ति, यतः ते नियन्त्रणस्य अपेक्षया नियमनस्य प्राधान्यं ददति। लक्ष्यं दर्शकाः वास्तविकसामग्रीणां नकलीसामग्रीणां च भेदं जानन्ति इति सुनिश्चितं करणीयम् येन दुर्भावनापूर्णप्रयोजनार्थं तस्य उपयोगः न भवति। कम्पनीनां उत्तरदायित्वं : नूतनविनियमानाम् अनुसारं एआइ-जनितसामग्री सर्वदा लेबलं करणीयम्। अस्मिन् सामग्रीयाः स्रोतः अपि आवश्यकः भवति, यदि कोऽपि सामग्री अवैधः अस्ति तर्हि त्रिघण्टाभिः अन्तः एव तस्याः निष्कासनं करणीयम्।

## एआइ दिग्गजानां ओपनएआइ तथा गूगल डीपमाइण्ड्

# इत्येतयोः कर्मचारीः पञ्चदशपक्षस्य विरुद्धं एन्थ्रोपिक इत्यस्य कानूनीयुद्धे एकीभवन्ति




ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

कृत्रिमबुद्धेः जगति सामान्यतया स्पर्धां कुर्वन्तः प्रमुखकम्पनीनां कर्मचारीः अधुना महत्त्वपूर्णे कानूनीप्रकरणे एकत्र आगताः सन्ति। समाचारानुसारं ओपनएआइ तथा गूगल डीपमाइण्ड् इत्येतयोः ३० तः अधिकाः कर्मचारिणः एआइ कम्पनी एन्थ्रोपिक इत्यस्य समर्थने न्यायालये संयुक्तं वक्तव्यं दाखिलवन्तः। अयं प्रकरणः तस्य विवादस्य सम्बन्धी अस्ति यस्मिन् संयुक्तराज्यस्य रक्षाविभागेन एन्थ्रोपिक आपूर्तिशृङ्खलाजोखिम इति घोषितम्।

एतत् संयुक्तकानूनीदस्तावेजं तदा न्यायालये दाखिलम् इति कथ्यते यदा एन्थ्रोपिक पञ्चदशस्य निर्णयं चुनौतीं दत्त्वा मुकदमा दाखिलवान्। दस्तावेजस्य हस्ताक्षरकर्तारः अनेके प्रमुखाः एआइ-संशोधकाः अभियंताः च सन्ति। अस्मिन् गूगलस्य मुख्यवैज्ञानिकः जेफ डीन् अपि अस्ति, यः कम्पनीयाः एआइ कार्यक्रमस्य मिथुनस्य नेतृत्वं करोति। विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् तेषां संलग्नता विवादस्य गम्भीरताम् प्रकाशयति तथा च सूचयति यत् एषः विषयः केवलं कम्पनीनां मध्ये स्पधार्याः विषयः एव न अपितु एआइ-शासनस्य नीतेः च व्यापकः प्रश्नः अभवत्।

यदा पञ्चदश-सङ्घस्य एन्थ्रोपिक-सङ्घस्य च मध्ये तान्त्रिकसहकार्यस्य विषये वार्ता असफलतां प्राप्तवती तदा एव विवादः आरब्धः। तदनन्तरं अमेरिकी रक्षाविभागेन एन्थ्रोपिक इत्यस्य वर्गीकरणं आपूर्तिशृङ्खलाजोखिमरूपेण कृतम्। एतेन निर्णयेन सैन्यठेकेदारैः सह कम्पनीयाः कार्ये महत्त्वपूर्णं बाधा अभवत्। समाचारानुसारं एन्थ्रोपिक इत्यनेन कतिपयानां परिस्थितीनां कारणात् अमेरिकीसैन्याय स्वस्य एआइ-प्रौद्योगिकीम् कतिपयानां विशिष्टानां उपयोगानां कृते उपलब्धं कर्तुं न अस्वीकृतम्।

सूत्रानुसारं एन्थ्रोपिक इत्यनेन स्पष्टीकृतं यत् तस्य प्रौद्योगिक्याः उपयोगः सामूहिकघरेलुनिरीक्षणार्थं स्वायत्तघातकशस्त्रविकासाय वा न कर्तव्यः इति। एआइ-प्रौद्योगिक्याः एतादृशाः उपयोगाः गम्भीराः नैतिकसामाजिकजोखिमाः उत्पद्यन्ते इति कम्पनी अवदत्। पञ्चदशपक्षस्य तु तर्कः आसीत् यत् एआइ-प्रौद्योगिक्याः उपयोगाय सर्वकारस्य स्वतन्त्रता भवितुम् अर्हति तथा च रक्षानीतयः निजीकम्पन्योः शर्तैः सीमिताः न भवितुम् अर्हन्ति इति न्यायालये दाखिले संयुक्तवक्तव्ये एआइ-विशेषज्ञाः पञ्चदशस्य निर्णयस्य दृढतया आलोचनां कृतवन्तः। दस्तावेजे उक्तं यत् अचानकं घरेलु एआइ-कम्पनीं राष्ट्रियसुरक्षायाः कृते खतरा इति घोषयित्वा सम्पूर्णे उद्योगे अनिश्चिततां सृजति । तेषां मतं यत् एतादृशः कदमः अमेरिकनप्रौद्योगिकीनवीनीकरणं स्पर्धां च क्षीणं कर्तुं शक्नोति।

## तस्मिन् काले बिहारराजनीत्यां

# नेता इति नीतीशकुमारस्य प्रतिमा स्थापिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

तस्मिन् निर्वाचने जदयू ८८, भाजपा ५५ आसनानि प्राप्तवान् तदनन्तरं २०१० तमस्य वर्षस्य निर्वाचने जदयू ११५ सीटानि जित्वा स्वस्थानं अधिकं सुदृढं कृतवती, भाजपा ९१ आसनानि प्राप्तवान्। तस्मिन् काले बिहारराजनीत्यां विकासस्य सुशासनस्य च नेता इति नीतीशकुमारस्य प्रतिमा स्थापिता आसीत्।

परन्तु २०१४ तमस्य वर्षस्य लोकसभानिर्वाचने एकः प्रमुखः राजनैतिकः मोक्षबिन्दुः अभवत् यदा नीतीशकुमारः नरेन्द्रमोदी इत्यस्य प्रधानमन्त्रिपदस्य उम्मीदवारत्वेन नामाङ्कनस्य विरोधे एनडीए-पक्षतः विच्छेदं कर्तुं निर्णयं कृतवान् तस्मिन् निर्वाचने जदयू-पक्षस्य महती हानिः अभवत्, बिहारस्य ४० लोकसभासीटेषु केवलं द्वौ आसनौ प्राप्तौ। भाजपानेतृत्वेन एनडीए ३१ आसनानि प्राप्तवान्, केवलं भाजपायाः २२ आसनानि प्राप्तानि। एतत् परिणामं सूचयति स्म यत् बिहारे भाजपायाः स्वतन्त्रराजनैतिकमूलं तीव्रगत्या सुदृढं भवति।

२०१५ तमे वर्षे विधानसभानिर्वाचने जदयू-पक्षः राजद-काङ्ग्रेसयोः सह भव्यं गठबन्धनं कृत्वा भाजपा-पक्षं सत्तातः निष्कासितवान्। यद्यपि तस्मिन् निर्वाचने भाजपायाः मतभागः सर्वाधिकः आसीत्, तथापि ५३ आसनैः बृहत्तमः दलः इति रूपेण उद्भूतः। एतेन स्पष्टं जातं यत् भाजपायाः समर्थनमूलं सुदृढं जातम्, बहुमतं प्राप्तुं अद्यापि व्यापकसामाजिकगठबन्धनस्य आवश्यकता वर्तते। २०१७ तमे वर्षे नीतीशकुमारः पुनः एनडीए-सङ्घस्य सदस्यः भूत्वा भाजपा-सङ्गठनेन सह सर्वकारस्य निमार्णं कृतवान्। तदनन्तरं २०२० तमे वर्षे विधानसभानिर्वाचने भाजपा प्रथमवारं जदयू-पक्षं अतिक्रान्तवती।

## राशिफल

**मेष** : मन में आज नया काम करने की इच्छा होगी, लेकिन कोई भी कार्य जल्दबाजी से बचें।

**वृषभ** : वृषभ राशि वाले आज अच्छा काम कर सकते हैं, लेकिन आपकी पुरानी आदतें आपको रोक सकती हैं।

**मिथुन** : मिथुन राशि वालों को आज बहुत ज्यादा काम लेने से परेशानी हो सकती है। हर किसी को 'हां' कहने से बचें।

**कर्क** : कर्क राशि के जातकों को आज कोई पुराना सपना या लक्ष्य फिर से याद आ सकता है।

**सिंह** : आज जल्दी परिणाम पाने की इच्छा को थोड़ा रोकें। धैर्य और अनुशासन से काम करेंगे, तो आगे अच्छा फायदा मिलेगा।

**कन्या** : कन्या राशि वाले हर काम को बिल्कुल परफेक्ट बनाने की चिंता न करें। पहले काम पूरा करें, बाद में सुधार किया जा सकता है।

**तुला** : तुला राशि वालों को आज साफ और मजबूत फैसला लेना होगा। हर बात में बीच का रास्ता न अपनाएं।

**वृश्चिक** : आज हर बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। कई बार चुप रहकर स्थिति को समझना बेहतर होता है।

**धनु** : आज का दिन नया सोचने और कार्य करने का है। आज काम या पढ़ाई को फिर से शुरू करें जिसे आपने बीच में छोड़ दिया था।

**मकर** : मकर राशि वाले जातकों के लिए आज कुछ अचानक बदलाव हो सकते हैं, इसलिए अपने प्लान में थोड़ा लचीलापन रखें।

**कुंभ** : कुंभ राशि वालों को आज कुछ चीजें स्पष्ट कर लेना ही उचित है। क्योंकि सिर्फ नए आइडिया सोचने से काम नहीं चलेगा।

**मीन** : मीन राशि वालों को आज काम से बचने की कोशिश करने से परेशानी बढ़ सकती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# शनि अस्त से इन राशि वालों को होगा मुनाफा, 40 दिनों तक मिलेंगे अच्छे रिजल्ट

शनि के अस्त होने से कुछ राशि वालों का भाग्य चमक सकता है। इन जातकों को नौकरी के नए अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

ज्योतिष शास्त्र में शनि को न्यायाधीश माना जाता है। वह सभी ग्रहों में सबसे धीमी गति के चाल चलते हैं। यही कारण है कि, उनके गोचर का प्रभाव जातकों पर लंबे समय तक बना रहता है। वर्तमान में कर्मफलदाता राशि चक्र की अंतिम राशि मीन में हैं। वह पूरे वर्ष इसी राशि में रहेंगे और जल्द मीन में अस्त अवस्था से  से गोचर करेंगे। दरअसल, 13 मार्च 2026 को शनि देव मीन राशि में अस्त होने जा रहे हैं। वह 22 अप्रैल 2026 तक भी अस्त रहेंगे। यह 40 दिन की अवधि कुछ राशियों के लिए लाभकारी हो सकती हैं। शनि के शुभ प्रभाव से इन जातकों



के अटके काम पूरे, कोर्ट-कचहरी से राहत और परिश्रमों के फल का परिणाम प्राप्त हो सकता है। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**सिंह राशि** – शनि के अस्त होने से सिंह राशि वालों की परेशानियां समाप्त हो सकती हैं। इन जातकों को धन लाभ, तरक्की और कोई नया व्यापार करने की नई योजनाएं मिल सकती हैं। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस आने की संभावना है। संपत्ति या जमीन-जायदाद से जुड़े पुराने विवाद हल हो सकते हैं। इस समय किसी नए कोर्स में दाखिला ले सकते हैं। घर और बाहर दोनों स्थान पर खुशियां प्राप्त होगी।

**धनु राशि**– धनु राशि वालों के लिए समय चमत्कारों से भरा रहने वाला है। मानसिक तनाव कम होने से लेकर आपकी सेहत भी पहले से बेहतर बनी रहेगी। अचानक धन लाभ के योग बनेंगे। निर्णय लेने की क्षमता की सराहना होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम और सामंजस्य बना रहेगा। सिंगल लोगों के जीवन में कोई आ सकता है। परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्ति के योग है। निवेश से मनचाहा मुनाफा कमाने में सफल होंगे।

**मीन राशि**– मीन राशि वालों के लिए समय शुभ साबित होगा। शनि आपकी राशि में अस्त होंगे और यहां उनके होने पर आपको विशेष फलों की प्राप्ति हो सकती है। नई नौकरी से लेकर आपके धन-धान्य, प्रभाव और मान-सम्मान में बढ़ोतरी हो सकती है। छात्र वर्ग के लिए समय उचित साबित होगा। किसी कॉलेज या परीक्षा के लिए अगर प्रयास कर रहे ते, तो आपको अब अच्छे परिणाम हासिल होने के योग हैं।

## खबर एक नजर...

### शांति पैलेस चौराहा पर पलटा ई-रिक्शा, महिला घायल

**उज्जैन।** उन्हेल की यतिमगली में रहने वाली लक्ष्मी पति अशोक पालीवाल रिश्तेदार श्रद्धा पिता मुकेश पालीवाल निवासी भैरूचौक उन्हेल हाल मुकाम निजातपुरा के साथ परिचित से मिलने ई-रिक्शा में सवार होकर इंदौररोड गये थे। इस दौरान शांति पैलेस चौराहा पर चालक की लापरवाही से रिक्शा पलटी खा गया। जिसमें लक्ष्मी पालीवाल 45 साल घायल हो गई। घटनाक्रम के बाद चालक भाग निकला। घायल लक्ष्मी को उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया। वही मामले की जानकारी मिलने पर नानाखेड़ा थाना पुलिस ने श्रद्धा पालीवाल की शिकायत पर रिक्शा क्रमांक एमपी 13 झेड वी 2613 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया।

### नौकरानी से मंगलसूत्र के बाद अंगूठी भी हुई बरामद

**उज्जैन।** शासकीय अस्पताल की फार्मासिस्ट स्वाति मिश्रा का ने 10 मार्च को नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील को शिकायत दर्ज कराई की 15 फरवरी को उसने अपना 15 ग्राम वजनी मंगलसूत्र ड्रेसिंग रूम की दराज में रखा था। जो गायब हो गया है। इससे पहले दिसंबर में उनके घर से सोने की अंगूठी भी गायब हुई थी। मंगलसूत्र और अंगूठी चोरी में दिसंबर माह से उनके यहां झाड़ू-पोछे का काम कर रही वर्षा पांडे पर शंका है। थाना प्रभारी ने मामले में मौखिक शिकायत पर वर्षा पति स्व. ब्रजेश पांडे निवासी महालक्ष्मीनगर नागझिरी को तलब किया और सख्ती से पूछताछ की। वर्षा ने मंगलसूत्र चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने बुधवार को 3.50 लाख का मंगलसूत्र बरामद करने के बाद मामला दर्ज कर आरोपिया को न्यायालय में पेश कर 1 दिन की रिमांड पर लिया। इस दौरान उससे 50 हजार कीमत की अंगूठी भी बरामद कर ली गई। गुरुवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जमानत पर रिहा किया गया है।

### पुराने विवाद में मैकेनिक पर चाकू से किया हमला

**उज्जैन।** नलियाबाखल में रहने वाला अयान पिता अब्दुल अनीस मैकेनिक है। बुधवार रात घर के समीप मस्जिद से नमाज पढ़कर घर लौट रहा था। उसी दौरान अरकान और उसके साथियों ने पुराने विवाद में रोक कर चाकू से हमला कर दिया। अयान घायल हो गया, हमला करने वाले जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल को परिजनों ने उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में महाकाल थान पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर हमला करने वालों की तलाश शुरू की है। घायल ने बताया कि पूर्व में घूरकर देखने की बात पर अरकान से विवाद हुआ था।

### इंदौर-नागदा पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों की मारपीट

**उज्जैन।** इंदौर-नागदा पैसेंजर ट्रेन में गुरुवार को यात्रियों के बीच मारपीट हो गई। लेकिन मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा, जिसके चलते विवाद की वजह सामने नहीं आ पाई। बताया जा रहा है कि इंदौर से नागदा के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन के उज्जैन आने से पहले कुछ यात्रियों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि यात्रियों के बीच थप्पड़-मुक्के और लात घूंसे चलने लगे। यात्रियों के बीच विवाद होता देख महिला यात्री दहशत में आ गई। इस दौरान कुछ यात्रियों ने विवाद करने वालों को रोकने का प्रयास कर बीच-बचाव किया। जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि ट्रेन में हुए विवाद का मामला थाने तक नहीं पहुंचा। संभवतः विवाद करने वालों में आपसी राजीनामा होने पर शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। विवाद किस वजह से हुआ यह भी स्पष्ट नहीं हुआ है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 260-8 | 134-8 |
| मेन बाजार | 458-7 | 469-9 |
| मिलन डे | 388-9 | 338-4 |
| मिलन नाइट | 100-1 | 268-6 |

4 5 8

### एकतरफा प्यार में युवक की अजीबो-गरीब हरकत

# महिला के चुराता लेता थाघर के बाहर सूखते अंडर गारमेंट्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

फायनेंस कंपनी में काम करने वाले युवक की अजीबो-गरीब हरकत सामने आई है। वह पड़ोस में रहने वाली महिला के एकतरफा प्यार में उसके घर के बाहर सूखते अंडर गारमेंट्स चुराकर ले जाता था। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से गुरूवार को युवक को पकड़ा गया।

चिमनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के घर के बाहर सूखते कपड़े कुछ दिनों से चोरी हो रहे थे। अज्ञात बदमाश सिर्फ अंडर गारमेंट्स ही चुरा रहा था। महिला के परिवार ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे तो क्षेत्र में रहने वाले युवक की अजीब हरकत सामने आई। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने फुटेज के आधार पर युवक की तलाश शुरू की। इस बीच गुरूवार दोबारा युवक अपनी हरकत को अंजाम देने पहुंचा। उसी दौरान पुलिस ने उसे दबोच लिया। युवक अंकित पिता योगेंद्र मालवीय 25 साल होना सामने आया। वह बजाज फायनेंस कंपनी में काम करता है। चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई को न्यायालय में पेश किया गया।



#### युवक की हो चुकी है सगाई

युवक के हिरासत में आने पर प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि उसकी सगाई हो चुकी है, लेकिन वह क्षेत्र में रहने वाली महिला से एकतरफा प्यार करता है। उसने महिला के नाम का टैटू भी छाती पर बना रखा है। जबकि महिला को युवक की हरकतों की जानकारी नहीं है। युवक की हरकतों से उसके परिवार को भी शर्मिंदा होना पड़ गया।

#### जेब में रख भाग निकलता था

बताया जा रहा है कि युवक ऐसे समय आता था, जब क्षेत्र की गली में आवाजाही कम होती थी। वह पहले नजर रखा था और फिर सूखते कपड़ों के बीच से अंडर गारमेंट्स उतारकर अपनी जेब में रख भाग निकलता था। वह पूर्व में 2 से 3 बार इसी तरह की हरकत कर चुका था। पुलिस की हिरासत में आने पर वह अपना मुंह छुपाता रहा।

## चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चाकू दिखाकर लोगों को धमका रहे 2 बदमाशों को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। दोनों से धारदार चाकू बरामद किये गये है। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बुधवार रात खबर मिली थी कि शेखपुर कराडिया रोड और खेड़ा माधव फंटा पीरझलार रोड पर 2 बदमाश चाकू दिखाकर लोगों को धमका रहे है। बदमाश किसी बड़ी घटना को अंजाम भी दे सकते है। तत्काल 2 टीम बनाई गई और बदमाशों की धरपकड़ के लिये रवाना किया गया। मौके पर पहुंच पुलिस टीम ने घेराबंदी की और दोनों बदमाशों को हिरासत में लिया, जिनके पास से धारदार चाकू बरामद हो गये। थाने लाकर पूछताछ करने पर एक बदमाश का नाम समीर पिता सत्तार खां 24 साल निवासी शाहजीलालपुरा बड़नगर और दूसरे का सादिक पिता हकीमउद्दीन शेख 21 साल निवासी मिर्ची बाजार बड़नगर का होना बताया। दोनों के खिलाफ अवैध हथियार रखने की धारा 25 आर्म्स एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी ली गई। दोनों को गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों बदमाशों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में एएसआई गोवर्धनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान, आरक्षक महेश मोर्य, अजय चौहान, नारायण सरा, सैनिक भुपेन्द्र बैरागी, गोवर्धन डाबी का सहयोग रहा।

## गश खाकर गिरा निगमकर्मी, महापौर ने पहुंचा अस्पताल




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम कर्मी गुरूवार शाम ड्युटी खत्म होने पर घर लौट रहा था। तभी अचानक निगम गेट पर गश खाकर गिर पड़ा। महापौर ने देखा तो तत्काल निगमकर्मी और उठाया और अपनी गाड़ी से अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां सामने आया कि दिल का दौरा पड़ा है।

हामूखेड़ी में रहने वाले गंगाराम नगर निगम जन्म-मृत्यु पंजीयन शाखा में पदस्थ है। शाम 6 बजे निगम कार्यालय बंद होने पर वह घर जाने के लिये निकला था। तभी अचानक गेट पर गश खाकर गिर पड़ा। महापौर मुकेश टटवाल भी नगर निगम से निकल रहे थे। उन्होंने कर्मचारी को देखा तो तत्काल पहुंचे। निगमकर्मी गंगाराम बेहोश हो चुका था। महापौर ने तत्काल अपनी गाड़ी में अन्य कर्मचारियों की मदद से डाला और सीधे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर अजय निगम ने चेकअप किया तो दिल का दौरा पड़ना सामने आया। निगमकर्मी को इंजेक्शन का डोज दिया गया और ईसीजी किया। कुछ देर में गंगाराम को होश आ गया, लेकिन उसकी हालत ठीक नहीं होने पर आईसीयू में भर्ती किया गया। इस दौरान निगम जलकर समिति अध्यक्ष प्रकाश शर्मा और अन्य कर्मचारी भी अस्पताल पहुंच गये थे। गंगाराम के परिजनों को सूचना दी गई, परिजनों के आने पर महापौर ने हरसंभव उपचार का आश्वासन परिवार को दिया। डॉ. निगम ने बताया कि अगर गंगाराम को अस्पताल लाने में देरी हो जाती तो उसकी जान भी जा सकती थी।

### बनारस की महिला से दर्ज कराना चाहते थे शोषण का झूठा केस

# महामंडलेश्वर के खिलाफ साजिश रचने वाले की तलाश में दबिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर पर शोषण का झूठा केस दर्ज कराने की साजिश रचने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने साजिशकर्ता की तलाश में दबिश देना शुरू कर दिया है। पुलिस इंदौर तक पहुंची लेकिन वह फरार होना सामने आये।

महाकाल थाना पुलिस को 8 मार्च को बनारस की रहने वाली महिला ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि मंदाकिनीपुरी और घनश्याम पटेल द्वारा उसे जान से मारने की धमकी देकर चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद के खिलाफ झूठा शोषण का प्रकरण दर्ज कराने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने पहले 50 हजार का का लालच भी दिया था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मंदाकिनीपुरी और घनश्याम पटेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 49, 61 (2), 232 (1), 351 (3), 296 (बी), 3 (5) में प्रकरण दर्ज किया था। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि दोनों आरोपितों की तलाश की जा रही है। मंदाकिनीपुरी के गढ़कालिका स्थित आश्रम पर दबिश दी गई, वहीं घनश्याम पटेल की तलाश में एक टीम इंदौर भेजी गई, लेकिन दोनों फरार होना सामने आये। दोनों के हिरासत में आने पर मामले से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते है।



#### न्यायालय ने निरस्त की अग्रिम जमानत

बनारस की महिला द्वारा प्रकरण दर्ज कराये जाने के बाद बुधवार को आरोपी बनाये गये घनश्याम पटेल ने सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी। इस दौरान महामंडलेश्वर की ओर से एडवोकेट वीरेन्द्र शर्मा द्वारा पैरवी की गई, उन्होंने न्यायालय के सामने तर्क रखा कि संत समाज की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के उद्देश्य से आरोपी ने कृत्य किया है। आरोपी के विभिन्न अपराधिक रिकार्ड भी है। इसलिये जमानत नहीं दी जाये। एडवोकेट के तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपित की अग्रिम जमानत निरस्त कर दी।

#### 2 साल पहले गिरफ्त में आई थी मंदाकिनी

महामंडलेश्वर के खिलाफ साजिश रचने में शामिल मंदाकिनीपुरी खुद को सन्यासी बताकर साधु संतों से कुछ सालों पहले संपर्क किया था। वर्ष 2016 में मंदाकिनीपुरी उर्फ ममता जोशी को निरंजनी अखाड़े में पटाभिषेक कर महामंडलेश्वर बना दिया था। लेकिन उसके बाद मंदाकिनी ने कई संतों को महामंडलेश्वर बनाने के नाम पर ठगी कर ली थी। उसके खिलाफ महाकाल और चिमनगंज थाने में प्रकरण दर्ज किये गये थे। 2 साल पहले पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी किया था। जिसके बाद उसे महामंडलेश्वर पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com